राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 187
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
सोमवार 02 जून 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट
पेज 3 ग्रेटर नोएडा में सभी पानी की टंकियों की होगी सफाई
पेज 4 नोएडा-गाजियाबाद में तेज बारिश, गोरखपुर में पेड़ गिरे
पेज 6 बुमराह ने वर्कलोड और जिंदगी को लेकर कही दिल की बात

## संक्षिप्त खबरें

### इंडिगो फ्लाइट टर्बुलेंस में फंसी

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के रायपुर से दिल्ली जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई 6313 रविवार को टर्बुलेंस में फंस गई। दिल्ली में लैंड करने से पहले पायलट को फ्लाइट को दोबारा हवा में उड़ाना पड़ा। ऐसा दिल्ली-एनसीआर में दोपहर के वक्त धूलभरी आंधी के कारण हुआ। इसके बाद फ्लाइट ने आसमान में कई चक्कर लगाए। बाद में एयर ट्रैफिक कंट्रोल से क्लियरेंस मिलने के बाद फ्लाइट सुरक्षित लैंड कराई गई। फ्लाइट के हवा में चक्कर काटने का वीडियो भी सामने आया है। इसमें नजर आ रहा है कि फ्लाइट में बैठे पैसेंजर्स घबराए हुए हैं। पायलट ने पैसेंजर्स को बताया था कि 80 किमी की रफ्तार से आंधी चल रही थी।


### 45 लाख रुपये की रिश्वत लेते आईआरएस अधिकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने करदाता सेवा महानिदेशालय में तैनात अपर महानिदेशक अमित कुमार सिंघल को 25 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। सिंघल 2007 बैच के आईआरएस अधिकारी हैं। गिरफ्तारी के बाद सीबीआई ने सिंघल से जुड़े ठिकानों पर दिल्ली, मुंबई और पंजाब में छापा मारा। सीबीआई के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार अमित कुमार सिंघल ने आयकर से जुड़ी जांच को खत्म करने के लिए एक आयकरदाता से 45 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी। जिसकी पहली किश्त के रूप में 25 लाख रुपये दिये जाने था।



### हैप्पी मॉर्निंग

एक लड़का स्कूल से जल्दी घर आ गया... दादा- क्या हुआ बेटा, तुम बहुत जल्दी घर आ गए। लड़का- हां दादा, मैंने एक मच्छर को मारा तो टीचर ने भगा दिया। दादा- क्या? तुम सच बोल रहे हो, एक मच्छर मारने के लिए स्कूल से भगा दिया। लड़का- मच्छर टीचर के गाल पर बैठा हुआ था।



### शायरी

जातिवाद का जहर खत्म कर
प्यार दुनिया को तुम सिखा दो,
तुम ही भारत के भविष्य हो
तुम अपने हुनर को दिखा दो।

### अर्थसार



सेंसेक्स:
81,451.01
-182.02 (0.22%)
निफ्टी:
24,750.70
-82.90

### मौसम



अधिकतम : 33 डिग्री से0
न्यूनतम : 24 डिग्री से0
सूयोदय मंगलवार : 5 : 24
सूर्यास्त सोमवार : 7 : 16

## डांटना आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं : सुप्रीम कोर्ट

### कोई नहीं सोच सकता कि ऐसी घटना हो सकती है; आरोपी हॉस्टल वार्डन बरी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी को डांटना उसे सुसाइड के लिए उकसाना नहीं माना जा सकता। इसके साथ ही कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को खारिज कर दिया। जिसमें हॉस्टल वार्डन को आईपीसी की धारी 306 के तहत स्टूडेंट को सुसाइड के लिए उकसाने का दोषी माना था।

जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने कहा- कोई यह नहीं सोच भी नहीं सकता कि डांटने से ऐसी घटना हो सकती है। दरअसल, वार्डन ने एक स्टूडेंट की शिकायत पर एक अन्य स्टूडेंट को डांट लगाई थी। इसके बाद स्टूडेंट ने अपने कमरे में फांसी लगा ली थी।

वार्डन का तर्क था कि उसने पैरेंट के तौर पर स्टूडेंट को डांटा था, जिससे वो आगे से गलती न करे। वार्डन ने कहा था कि उसके और सुसाइड करने वाले स्टूडेंट के बीच कोई निजी संबंध नहीं था।

## उपचुनावों के लिए मतदाता सूची में संशोधन




**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने लगभग दो दशक में पहली बार पांच विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव कराने के लिए मतदाता सूची में संशोधन किया है ताकि मतदाता सूची को 'त्रुटिरहित' बनाया जा सके।

अधिकारियों ने बताया कि पिछली बार उपचुनाव के लिए मतदाता सूची में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण तमिलनाडु में 2006 में किया गया था। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के प्रविधानों का हवाला देते हुए अधिकारियों ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रत्येक चुनाव और उपचुनाव से पहले मतदाता सूची में संशोधन किया जाना चाहिए। वर्तमान मतदाता सूची की वैधता विशेष संशोधन के पूरा होने तक बरकरार रहती है।

### विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की जरूरत क्यों?

अधिकारियों ने यह स्पष्ट किया कि यह चुनाव आयोग पर निर्भर करता है कि आवश्यकता के आधार पर मतदाता सूची में संशोधन किया जाना है या नहीं। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का अर्थ है चुनावी सूचियों में संशोधन ताकि उन मतदाताओं के नाम को हटाया जा सके जो निर्वाचन क्षेत्र छोड़ चुके हैं या जिनका निधन हो चुका है और नए नाम जोड़े जा सकें। चुनाव आयोग ने पिछले महीने घोषणा की थी कि चार राज्यों की पांच विधानसभा सीट पर उपचुनाव 19 जून को होंगे। गुजरात की दो विधानसभा सीट पर उपचुनाव होगा जबकि केरल, बंगाल और पंजाब में एक-एक सीट पर उपचुनाव होगा। मतगणना 23 जून को होगी।

## मुख्तार के बेटे अब्बास अंसारी की विधायकी रद्द



**लखनऊ/ मऊ।** यूपी विधानसभा सचिवालय ने माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी की विधायकी खत्म कर दी है। उनकी मऊ विधानसभा सीट को खाली घोषित कर दिया। शनिवार को मऊ की एमपी/एमएलए कोर्ट ने अब्बास को हेट स्पीच मामले में 2 साल की सजा सुनाई थी।

हालांकि सजा सुनाने के तुरंत बाद बॉन्ड भरवाकर अब्बास अंसारी को जमानत दे दी गई थी। कोर्ट का आदेश जारी होने के 24 घंटे के भीतर फाइल मऊ से लखनऊ पहुंची, फिर रविवार के दिन विधानसभा सचिवालय खोला गया। विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे ने अब्बास की सदस्यता समाप्त कर सीट को रिक्त घोषित करने का आदेश जारी कर दिया। साथ ही मुख्य निर्वाचन अधिकारी को उपचुनाव कराने का प्रस्ताव भी भेज दिया।

## कोरोना से 48 घंटे में 21 मौतें, 3783 एक्टिव केस

### 9 दिन में देश में 1300 प्रतिशत कोरोना केस बढ़े

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के एक्टिव केसेज की संख्या 3783 पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट के मुताबिक 22 मई को भारत में 257 केस थे। 9 दिन में कोरोना के मामलों में लगभग 1300त्न की बढ़ोतरी हुई है। केरल में सबसे ज्यादा 1400 मामले हैं। वहीं महाराष्ट्र में 485 और दिल्ली में 436 एक्टिव केस हैं।

जनवरी 2025 से अब तक कोरोना से 28 मौतें हो चुकी हैं। यह जानकारी केंद्र सरकार ने जारी की है। इससे पहले 30 मई को सुबह 8 बजे तक सिर्फ 7 मौतों का आंकड़ा सामने आया था। ऐसे में बीते दो दिनों में देश के अंदर 21 लोगों की मौत दर्ज की गई।

31 मई को बेंगलुरु में 63 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। उसे दोनों वैक्सीन के साथ बूस्टर डोज भी लगी थी। वहीं दिल्ली में 60 साल के बुजुर्ग की मौत हुई है। महाराष्ट्र-केरल में सबसे ज्यादा 7-7 लोगों ने जान गंवाई है।



### महाराष्ट्र में 10 हजार से ज्यादा कोविड टेस्ट

महाराष्ट्र सरकार ने बताया कि शनिवार को कोविड के 68 नए मामले सामने आए। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुंबई में जनवरी 2025 से अब तक 411 केस मिले हैं। जनवरी से अब तक राज्य में 10,324 कोविड-19 टेस्ट किए गए, जिसमें 681 कोरोना पॉजिटिव निकले थे। इधर जम्मू-कश्मीर में गुरुवार को कोविड-19 के दो मामले सामने आए थे। दोनों मरीज केरल के रहने वाले हैं और श्रीनगर के गवर्नमेंट डेंटल कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं।

कर्नाटक सरकार ने शनिवार को पब्लिक एडवाइजरी जारी की। इसमें लोगों से भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क लगाने, शारीरिक दूरी बनाए रखने और स्वच्छता का खास ध्यान रखने की अपील की। बुखार, खांसी, सीने में दर्द या सांस लेने में दिक्कत होने पर तुरंत जांच कराने को कहा है।

## अयोध्या में राममंदिर का शिखर सोने से जगमगाया

**अयोध्या।** अयोध्या में रामलला के मंदिर के शिखर पर स्वर्ण जड़ित कलश लगाया गया गया है। यह दूर से ही चमक बिखेर रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रविवार को मंदिर के स्वर्ण जड़ित भव्य और चमकदार शिखर की तस्वीरें जारी की हैं। मंदिर में 5 जून को राम दरबार की स्थापना की जाएगी। इसके लिए अनुष्ठान 3 जून से प्रारंभ हो जाएंगे।

### बाढ़ का कहर



नई दिल्ली में अदालत के ध्वस्तीकरण आदेश के बाद जंगपुरा स्थित मद्रासी कैंप में ध्वस्तीकरण अभियान के दौरान पुलिस के साथ बहस करते निवासी।

## असम से त्रिपुरा तक भारी बारिश का कहर

### घर ढहे, सड़कें बहीं, 80 हजार से ज्यादा लोग प्रभावित...



गुवाहाटी। भारी बारिश और बाढ़ से पूर्वोत्तर के कई राज्यों में स्थिति बदहाल हो गई है। असम में ब्रह्मपुत्र समेत 10 नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं और 15 से अधिक जिलों में 78 हजार लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। राज्य में बाढ़ और भूस्खलन से अब तक आठ लोगों की मौत हो चुकी है। मिजोरम की राजधानी आइजोल में मूसलाधार बारिश के चलते प्रशासन ने कल स्कूल बंद करने के आदेश दिए। अरुणाचल प्रदेश में मूसलधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन में नौ लोगों की मौत हुई है। वर्षा और भूस्खलन से उत्तरी सिक्किम के मंगन जिले में 1,276 पर्यटक फंस गए हैं। इनमें दो विदेशी हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को असम, अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से उनके राज्यों में हो रही भारी बारिश के मद्देनजर बात की और स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार पूर्वोत्तर के लोगों के समर्थन में चट्टान की तरह खड़ी है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने लगातार बारिश के मद्देनजर नदी किनारे और निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। असम सरकार ने गुवाहाटी में भूस्खलन में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों को चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

## चित्रकूट में भीषण हादसा, 5 लोगो की हुई मौत

### शादी से लौट रहे थे, पिकअप और डीसीएम की आमने-सामने की टक्कर

चित्रकूट। चित्रकूट में बारातियों से भरी पिकअप और डीसीएम की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 की हालत गंभीर है।

हादसे के बाद पिकअप के परखच्चे उड़ गए। उसमें सवार 2 की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 3 ने इलाज के दौरान दम तोड़ा है।

घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मृतकों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। हादसा रैपुरा थाना क्षेत्र के बांधी गांव के पास भखरवारा मोड़ पर दोपहर करीब 1 बजे हुआ। हादसा बारात से लौटते समय हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया कि मऊ की तरफ से बारातियों से भरी पिकअप आ रही थी। तभी कर्वी से प्रयागराज की ओर जा रही डीसीएम से उसकी आमने-सामने की टक्कर हो गई।




हादसा इतना भयानक था कि धमाके जैसी आवाज सुनाई दी। पिकअप के परखच्चे उड़ गए। एसपी अरुण कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे। पुलिस फोर्स ने घायलों को रामनगर सीएचसी में भर्ती करायाा। जहां 6 का इलाज चल रहा है।

हादसे में रामू साहू, दुर्गा प्रसाद, बच्चा प्रसाद (45), हीरो मालवी और संतराम (38) की मौत हुई है। भइयन, शांतिभान, इमरान, सादिक, दूधनाथ और कोनैन का इलाज चल रहा है।

हादसे की जानकारी होते ही परिजन अस्पातल पहुंचे। उन्होंने बताया कि मऊ के शाखऊहा गांव से बांदा जिले के कालिंजर गांव बारात जा रही थी। गाड़ी में बैंड बाजा पार्टी वाले सवार थे। घटना की खबर पुलिस ने दी। हम भागते हुए अस्पताल पहुंचे।

## छत्तीसगढ़ शराब घोटाले का मुख्य आरोपी बिजनेसमैन विजय भाटिया गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ के कथित शराब घोटाले के मुख्य आरोपी बिजनेसमैन विजय भाटिया को गिरफ्तार कर लिया गया। रविवार को उन्हें रायपुर में कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें हिरासत में भेज दिया गया। भाटिया पर भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 और 12 के तहत मामला दर्ज किया गया है।छत्तीसगढ़ पुलिस की भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और आर्थिक अपराध शाखा (एसीबी/ईओडब्ल्यू) ने कथित शराब घोटाले के सिलसिले में नई दिल्ली में कारोबारी विजय भाटिया को गिरफ्तार किया।

## छत्तीसगढ़ में अतिथि शिक्षक की हत्या करने वाले 3 नक्सली गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ में नक्सल समस्या के खात्मे की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहे सुरक्षाबलों को शनिवार को कुछ और सफलता मिली।

इस दौरान पुलिस ने सुकमा से तीन नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया, जिन पर कुल 21 लाख रुपए का इनाम घोषित था। इस बारे में शनिवार को जानकारी देते हुए एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार तीनों नक्सलियों पर पिछले साल जिले में हुई एक शिक्षादूत (अस्थायी अतिथि शिक्षक) की हत्या की वारदात में शामिल होने का आरोप है।पुलिस अधिकारी ने आगे कहा कि गिरफ्तार कैडरों की पहचान डोडी पोडिया (36), डोडी पांडू (18) और डोडी नंदू (28) के रूप में हुई है, जिन्हें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 165वीं बटालियन और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने उनके पैतृक स्थान जगरगुंडा थाना क्षेत्र के गोंडपल्ली से गिरफ्तार किया।

अधिकारी ने कहा कि माओवादियों के प्लाटून पार्टी कमेटी के सदस्य पोडिया और पीएलजीए (पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी) कंपनी नंबर 10 के पार्टी सदस्य पांडू दोनों पर 8-8 लाख रुपए का इनाम घोषित था, जबकि नंदू पर 5 लाख रुपए का इनाम था।

## कर्नाटक : 15 साल की लड़की के साथ 6 दरिंदों ने किया गैंगरेप

### वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल; दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** कर्नाटक से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बेलगावी में एक 15 साल की मासूम लड़की के साथ छह लोगों ने गैंगरेप किया।

पुलिस ने बताया कि दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि बाकी चार फरार हैं। इस हादसे में आरोपियों ने न सिर्फ लड़की के साथ दुष्कर्म किया, बल्कि उसका वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल भी किया।

पहला वाकिया करीब छह महीने पहले हुआ। लड़की के एक दोस्त ने उसे बेलगावी के बाहरी इलाके में एक पहाड़ी जगह पर ले जाकर गैंगरेप किया। इस दौरान आरोपियों ने इस शर्मनाक हरकत को अपने फोन में रिकॉर्ड कर लिया।

### वीडियो की धमकी देकर दूसरी बार भी किया गैंगरेप

बाद में इस वीडियो का इस्तेमाल करके हैवानों ने लड़की को डराना शुरू किया। उन्होंने धमकी दी कि अगर उसने उनके खिलाफ कोई भी कदम उठाया था तो वीडियो को इंटरनेट पर डाल देंगे।

इस डर की वजह से लड़की खामोश रही और आरोपियों ने दूसरी बार भी उसके साथ गैंगरेप किया। इस बार भी उन्होंने वीडियो बनाया और ब्लैकमेल करना जारी रखा।

### सर्विलांस सिस्टम

### बनाना होगा नेशनल रोड ट्रैफिक इंजरी सर्विलांस सिस्टम

## कम नहीं हो रहा सड़कों पर होने वाली मौतों का आंकड़ा

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय इस पर चिंता लगातार जताता है कि तमाम प्रयासों के बावजूद सड़क हादसे और उनमें होने वाली जनहानि का आंकड़ा कम नहीं हो रहा है। बेशक, यातायात नियमों के प्रति चालकों की लापरवाही एक बड़ा कारण है, लेकिन साथ ही समस्या यह भी है कि सरकार भी निगरानी और सुधार के लिए जरूरी तंत्र को अब तक बेहतर नहीं बना सकी है।

आईआईटी दिल्ली के ट्रांसपोर्टेशन रिसर्च एंड इंजरी प्रिवेंशन सेंटर की रिपोर्ट में इस बात पर चिंता जताई गई है कि भारत में अभी तक नेशनल रोड ट्रैफिक इंजरी सर्विलांस सिस्टम ही नहीं है। विडंबना है कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के पोर्टल से भी राज्यों के आंकड़े मेल नहीं खाते। इंडिया स्टेटस रिपोर्ट आन रोड सेफ्टी-2024 रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने कहा है कि प्रभावी सड़क सुरक्षा कार्यक्रम चलाने के सभी पहलुओं से संबंधित विश्वसनीय दुर्घटना डाटा सिस्टम अनिवार्य है।





दुर्घटना के जोखिमों का आकलन करने, व्यवधानों की पहचान करने और सबसे प्रभावी दृष्टिकोण रखते हुए संसाधनों को आवंटित करने के लिए रणनीति विकसित करना आवश्यक है। सड़क सुरक्षा प्रबंधन के लिए इन पहलुओं का सटीक आकलन और निगरानी जरूरी है कि हादसों में मृत्यु या चोट का आंकड़ा क्या है? हेलमेट के उपयोग का प्रचलन कैसा है और प्रवर्तन की क्या स्थिति है। विशेषज्ञों ने माना है कि इस सबके लिए पुष्ट डाटा की आवश्यकता होती है। रिपोर्ट में सामने आया है कि भारत में राष्ट्रीय सड़क यातायात चोट निगरानी प्रणाली नहीं है।

### घातक दुर्घटनाओं में सबसे अधिक भूमिका ट्रकों की है

उदाहरण के लिए, एफआइआर से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर आइआइटी की यह रिपोर्ट कहती है कि घातक दुर्घटनाओं में सबसे अधिक भूमिका ट्रकों की है, जबकि ऐसी जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट में उपलब्ध नहीं है। इतना ही नहीं, मंत्रालय ने इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस और ई-डिटेल्ड एक्सीडेंट रिपोर्ट सिस्टम राज्यों को सुझाया है। इनमें पुलिस, अस्पताल और परिवहन विभाग के माध्यम से डाटा जुटाया जाता है। राज्य धीरे-धीरे इसे लागू कर रहे हैं, लेकिन इसकी विश्वसनीयता भी संदेह के घेरे में दिख रही है।

## संपादकीय



# जब जीवन थक जाए : आत्महत्या एक सामाजिक आपातकाल है

### आत्महत्या की चिता पर देख कर किसान को नींद कैसे आ जाती है देश के प्रधान को ?



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारत आज उस दौर में है जहाँ हर दिन 400 से अधिक लोग आत्महत्या कर रहे हैं।
यह आंकड़ा नहीं, यह हर दिन बुझती उम्मीदों की चिता है।
ये आत्महत्याएँ नहीं, हमारी सामूहिक विफलता हैं
जब कोई किसान फसल बर्बाद होने पर जान दे देता है,
जब कोई छात्र नंबर न लाने पर फंदा लगा लेता है,
जब कोई बेरोज़गार युवा थक कर चुपचाप चला जाता है —
तो समझिए मरा वह नहीं, मरे हम सब हैं।

जो ज़िंदगी भर सबकी हिम्मत बना रहा,
वही आख़िर में खुद को ही संभाल नहीं पायाज ?

### क्यों बन रही है ज़िंदगी आत्मघाती?

- कर्ज़ और व्यवस्था से टूटा किसान
- रोज़गार और अवसर से टूटा युवा
- अपेक्षाओं के बोझ से टूटा छात्र
- सामाजिक हिंसा से टूटी महिला
- और भीतर ही भीतर गलता हुआ 'साइलेंट डिप्रेशन' वाला समाज

### डिप्रेशन कोई नाटक नहीं — यह मौन चीख़ है

डिप्रेशन आज भी शर्म की बात माना जाता है।
मनोचिकित्सक के पास जाना लोगों को डराता है, जबकिज

'रोग शरीर में हो तो इलाज होता है,
लेकिन मन में हो तो लोग ताने देते हैं।' ?

### सरकारें कहाँ हैं?

- मानसिक स्वास्थ्य पर खर्च त्ष्ठक्कका 1त्न भी नहीं
- हर 1 लाख लोगों पर 0.3 मनोरोग चिकित्सक
- गांवों, कस्बों और छोटे शहरों में कोई सुविधा नहीं

घोषणाएँ हैं, लेकिन ठोस नीतियाँ नहीं।

### अब क्या किया जाए? — पाँच कदम

1. काउंसलिंग अनिवार्य हो — स्कूल, कॉलेज, दफ़्तर में
2. सुनिए, जज मत कीजिए — हर टूटते इंसान को सहारा दीजिए
3. हेल्पलाइन नहीं, संवेदनशील लोग चाहिए
4. शब्दों से मत मारिए — 'कमज़ोर', 'पागल', 'नाटक' जैसे शब्द बंद हों
5. सुरक्षा का ढांचा बने — किसान, बेरोज़गार, महिला, छात्र हर कोई सुरक्षित महसूस करे

### निष्कर्ष : आत्महत्या एक अलार्म है, जो हम अनसुना कर रहे हैं

किसी की मुस्कान के पीछे अगर आँसू हों,
तो ज़रूरी नहीं कि वो मज़बूत है —
वो शायद टूटा हुआ है। ?
हर आत्महत्या, एक चीख़ है —
कि कहीं कुछ बहुत ग़लत है।
और अगर हम नहीं चेते —
तो कल कोई और,
शायद आपके अपने में से कोई,
ऐसी चुप्पी ओढ़ लेगा —
जिससे वापसी संभव नहीं।

# त्याग में अपना ही नहीं, अपनों का भी भला

यह तथ्य अब सुविदित है कि तंबाकूजन्य नशे हर साल दुनिया भर में अस्सी लाख से अधिक लोगों की जान ले लेते हैं। भारतीय होने के नाते यह और भी अधिक चिंता का विषय है कि इनमें से 13 लाख से ज्यादा मृतक भारतीय होते हैं। यह डरावना आंकड़ा न केवल चिंता उत्पन्न करता है, बल्कि यह भी इंगित करता है कि विविध प्रकार के तंबाकूजन्य नशों का या तो पूरी तरह उन्मूलन किया जाना चाहिए या कम से कम उन्हें न्यूनतम स्तर तक सीमित किया जाना आवश्यक है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु वर्ष 1988 से हर वर्ष आज के दिन विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस संदर्भ में यह जानना भी प्रासंगिक है कि तंबाकूजन्य मौतों की बढ़ती संख्या को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 1987 में इस दिवस को मनाने की परंपरा शुरू की थी। प्रारंभ में इसे 7 अप्रैल को मनाया गया, लेकिन उसी वर्ष 31 मई को संगठन द्वारा एक प्रस्ताव पारित कर इसे स्थायी रूप से 31 मई को मनाने का निर्णय लिया गया। प्रत्येक वर्ष इस दिवस की एक थीम निर्धारित की जाती है, जिसके माध्यम से लोगों को तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाता है और उन्हें इससे दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाता है। यह भी बताया जाता है कि तंबाकू का सेवन केवल उपभोक्ता के लिए ही नहीं, बल्कि उनके आसपास रहने वाले लोगों के लिए भी घातक है। विडंबना यह है कि इन प्रयासों के बावजूद विश्वभर में बड़ी संख्या में लोग किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन कर रहे हैं और वे इसकी लत से मुक्त नहीं हो पा रहे हैं। यदि हम भारत की बात करें तो यहां तंबाकू उत्पादों के पैकेटों पर वैधानिक चेतावनियां प्रमुखता से अंकित की जाती हैं और अवयस्कों को इनकी बिक्री पर कानूनी रोक भी है। फिर भी, लगभग हर आयु वर्ग और लिंग के लोग इस लत के शिकार हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि नशा खत्म तो दूर, अपेक्षित रूप से घटता भी नहीं दिख रहा। विशेषज्ञों द्वारा बार–बार यह बताया जाता है कि तंबाकू का सेवन फेफड़े, यकृत, मुंह और गर्भाशय के कैंसर के अलावा अनेक यौन और हृदय रोगों का प्रमुख कारण बन सकता है, पर इसका अपेक्षित असर होता नहीं दिखता। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़े दर्शाते हैं कि भारत में 15 वर्ष से अधिक आयु के 38 प्रतिशत से अधिक पुरुष तंबाकू का सेवन करते हैं। महिलाओं में यह आंकड़ा लगभग 9 प्रतिशत है। 15 से 49 वर्ष की आयु की 1 प्रतिशत महिलाएं और 19 प्रतिशत पुरुष शराब का सेवन करते हैं।

स्पष्ट है कि समस्या केवल तंबाकू तक सीमित नहीं, बल्कि शराब की लत भी चिंताजनक स्तर पर मौजूद है। यह निष्कर्ष देश के 28 राज्यों और आठ केंद्रशासित प्रदेशों के 707 जिलों में 6.37 लाख परिवारों के सर्वेक्षण पर आधारित है। यह बताता है कि नशे की समस्या को रोकने या सीमित करने हेतु एक दीर्घकालिक और कारगर रणनीति की आवश्यकता है, जिसका एक सिरा शिक्षा से भी जुड़ता है। क्योंकि आंकड़ों के अनुसार, भले ही तंबाकू सेवन हर वर्ग में पाया जाता है, लेकिन अशिक्षितों में इसकी प्रवृत्ति कहीं अधिक गंभीर है।

# एमएसपी घोषणा सकारात्मक पहल तो चाकचोबंद खरीद व्यवस्था भी जरुरी

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर सरकार को खरीफ श्री अन्न खासतौर से बाजरा आदि की खरीद की भी स्पष्ट नीति बनानी होगी अन्यथा श्री अन्न खासतौर से बाजरा को हम अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्म दिला रहे हैं वह जल्दी ही प्रभावित हो सकती है।

केन्द्र सरकार द्वारा खरीफ फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा खरीफ की बुवाई से पहले ही करने को किसानों के हित में सकारात्मक पहल के रुप में देखा जाना चाहिए। इसमें कोई दो राय नहीं कि नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा एक तो समय पूर्व समर्थन मूल्यों की घोषणा की जा रही है वहीं दूसरी और भविष्य की रणनीति के तहत आवश्यकतानुसार उत्पादन बढाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने की दिशा में भी कदम बढ़ाये जा रहे हैं। सरकार द्वारा श्री अन्न को जहां अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का सफल प्रयास किया गया है वहीं देश को दलहन और तिलहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। 2027 तक दलहन के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के साथ सरकार आगे बढ़ रही है तो तिलहन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रयास किये जा रहे हैं। सरकार की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि आगामी खरीफ के लिए घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्यों में रामतिल के भावों में सर्वाधिक 820 रु. की बढ़ोतरी करते हुए 9537 रु. प्रति क्विंटल एमएसपी घोषित की गई है। इसी तरह से तिल की एमएसपी में 579 रु., सोयाबीन में 436 रु., सूरजमुखी में 441 रु. और मूंगफली की एमएसपी में 480 रु. की बढ़ोतरी की गई है। ठीक इसी तरह से उड़द में 400 रु. तो मूंग की एमएसपी में 86 रु. और अरहर की एमएसपी में 450 रु. की बढ़ोतरी की गई है। इसी तरह से बाजरा, रागी, ज्वार, कपास, धान आदि अन्य खरीफ फसलों की एमएसपी दरों में बढ़ोतरी की गई है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि जहां तक एमएसपी दरों की घोषणा की बात है सरकार की ईच्छा शक्ति पर किसी तरह का संदेह नहीं किया जा सकता है। मोदी सरकार के 2013–14 से 2025–26 तक के कार्यकाल की एमएसपी दरों में बढ़ोतरी निश्चित रुप से सकारात्मक दिषा में बढ़ता कदम माना जा सकता है। 2013–14 की तुलना में 226 प्रतिशत की बढ़ोतरी रागी के समर्थन मूल्य में की गई है। बाजरा में 122 प्रतिशत तो ज्वार की एमएसपी में 147 प्रतिशत तक की बढोतरी हो चुकी है। दलहन और तिलहन की खरीफ फसलों में भी 82 प्रतिशत से रामतिल में 172 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। सरकार का यह भी दावा है कि एमएसपी घोषणा करने से पहले सरकार ने फसलों की लागत के सभी पहलुओं को ध्यान में रखा है और लागत से कहीं अधिक एमएसपी दर जारी की गई है।

किसान आंदोलनों के दौरान सबसे अहम् मुद्दा एमएसपी को लेकर ही रहता आया है। सरकार एक और एमएसपी दरों में बढ़ोतरी और एमएसपी पर खरीद का दावा कर रही है और यह दावा एक हद तक सही भी है पर दूसरी और किसान नेताओं का यह कहना रहा है कि सरकार एमएसपी दरों की घोषणा के साथ ही एमएसपी पर खरीद की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। केन्द्र सरकार की और से एफसीआई और नेफैड एमएसपी खरीद के लिए नोडल संस्था है तो कपास की खरीद सीसीआई द्वारा की जाती है। राज्यों में एफसीआई व नेफैड के लिए खरीद सुविधा में राज्यों की सहकारी विपणन संस्थाएं प्रमुखता से सहभागी रहती है। खरीद की व्यवस्था को भी पारदर्शी और ऑनलाईन कर दिया गया है और रजिस्ट्रेशन से लेकर सीधे खातों में भुगतान तक की व्यवस्था ऑनलाईन की गई है। पर कहीं ना कही व्यवस्था में झोल अवश्य है। इसको यों समझा जा सकता है कि एक समय था तब सरकारी खरीद शुरु होने की घोषणा और लगभग 10 से 15 प्रतिशत उत्पादन की खरीद होते होते मण्डियों में भाव एमएसपी के आसपास आ जाते थे। इसका परिणाम यह होता था कि ना तो किसानों की नाराजगी रहती थी और ना ही अन्य कोई समस्या आती थी। पर आज खरीद व्यवस्था के पारदर्शी होने के बावजूद किसान अपने आप को ठगा महसूस करता है।

इसका एक बड़ा कारण तो यह है कि बाजरा आदि की खरीद तो सरकार द्वारा किसी ना किसी बहानें टाली ही जाती है क्योंकि बाजरे की खरीद के बाद रखरखाव को लेकर संकट रहता है और सरकार का मानना है कि उसे नुकसान अधिक होता है क्योंकि खरीदा हुआ बाजरा जल्दी खराब हो जाता है।

वहीं दूसरी और व्यवस्था को लाख पारदर्शी और जबावदेह बनाने के बावजूद बिचौलियें इस व्यवस्था का भरपूर लाभ उठाते देखे जा रहे हैं। कहीं तो खरीद केन्द्रों पर जितनी मात्रा में खरीद हो रही है वह उस क्षेत्र में उत्पादित पैदावार से भी अधिक हो जाती है। इसके साथ ही किसानों की तात्कालीक आवश्यकताओं के चलते आड़तियों पर निर्भरता के कारण भी किसान का लाभ आड़तियां ले जाता है।

हांलाकि यह व्यवस्था का ही दोष माना जा सकता है। होना तो यह चाहिए कि जिन फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा सरकार द्वारा की जाती है उन फसलों के तैयार होकर मण्डियों में आने से पहले ही सरकार को खरीद की आवश्यक तैयारियां पूरी कर लेनी चाहिए। खरीद के लिए खरीद केन्द्र की स्थापना, तुलाई ढुलाई की व्यवस्था, बारदाना, ट्रांसपोर्टेशन, भण्डारण, भुगतान की आवश्यक व्यवस्था, बैंकों से भुगतान आदि की व्यवस्था, खरीद केन्द्रों पर पीने के लिए पानी आदि की व्यवस्था सहित आवश्यक सभी तैयारियां सुनिश्चित हो जानी चाहिए।


इसके साथ ही आज सरकार के पास उत्पादन के सारे डेटा उपलब्ध होते हैं ऐसे में संभावित खरीद का आकलन भी सुनिश्चित हो जाना चाहिए। सरकार द्वारा पूर्व में ही यह घोषणा कि इतनी मात्रा में ही खरीद की जाएगी तो इससे राजनीति के अधिक अवसर उत्पन्न हो जाते हैं और अनावश्यक भ्रम के हालात बन जाते हैं। ऐसे हालात से बचा जाना जरुरी हो जाता है।

न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर सरकार को खरीफ श्री अन्न खासतौर से बाजरा आदि की खरीद की भी स्पष्ट नीति बनानी होगी अन्यथा श्री अन्न खासतौर से बाजरा को हम अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्म दिला रहे हैं वह जल्दी ही प्रभावित हो सकती है। सरकार को कोई ना कोई ऐसी स्पष्ट रणनीति बनानी होगी जिससे बाजरा उत्पादक किसान एमएसपी दर घोषित होने के बावजूद अपने आपकों ठगा महसूस ना कर सके। इसके लिए बाजार ताकतों को भी सक्रिय करना होगा ताकि बाजार में श्रीअन्न बाजरा आदि की मांग बढ़े और सरकारी खरीद ना होने की स्थिति में भी एमएसपी दर तो कम से कम उत्पादक किसान को बाजार में मिल सके। इसके लिए सरकार को इच्छाशक्ति के साथ आगे आना होगा। अब श्रीअन्न को प्रोत्साहित करने का हमारा दायित्व भी हो जाता है ऐसे में इस और अधिक गंभीरता से ध्यान देना होगा क्योंकि अभी तो बुवाई से फसल पकने तक का तीन से चार माह का समय सरकार के पास होगा।

इस क्षेत्र में काम कर रहे गैर सरकारी संगठनों को भी ठोस प्रयास करने होंगे ताकि इस समस्या का समाधान खोजा जा सके और अन्नदाता को उसकी मेहनत का पूरा पैसा मिल सके। देर सबेर सरकार को खरीद को सीमा में बांधने के स्थान पर स्थाई हल खोजना होगा ताकि एमएसपी व्यवस्था और अधिक किसान हितेषी हो सकें।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3548




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो - 3547 का हल



## हंसी के फूव्वारें

जज ने अभियुक्त से कहा-'तुम पर मोटर तेज चलाने का इल्जाम है. क्या तुम अपना इल्जाम स्वीकार करते हो?'

'जी हां, मीलार्ड, मगर ?'

'मैंने कोई अपराध नहीं किया.' अभियुक्त सफाई देते हुए बोला-'मेरी मोटर के ब्रेक खराब थे,इसलिये मैंने सोचा कि जल्दी से घर पहुँच जाऊं. कहीं ऐसा न हो कि कोई एक्सीडेंट हो जाए!'

□ □ □

एक सेठ बीमार पड़ गया.

डाक्टरों ने उसे राय दी कि वह विदेश जाकर दवा कराये तो उसने अपने मुंशी से पूछा-'मुंशी जी! विदेश जाकर दवा कराने में कितना खर्च होगा ?'

'लगभग बीस हजार!'

'और क्रिया-कर्म में ?'

'लगभग पांच हजार!'

'तो फिर इलाज से मरना ही ज्यादा फायदेमंद रहेगा.' सेठ ने ठण्डी सांस लेते हुए कहा.

□ □ □

रमेश ने महेश से पूछा-'जब सेब पेड़ से नीचे गिरा तो न्यूटन को बहुत आश्चर्य हुआ.'

महेश-'पागल था वह ?'

रमेश-'वह कैसे ?'

महेश-'आश्चर्य की बात तो तब होती जब सेब नीचे से ऊपर जाता.'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3548



**बायें से दायें:-**

१. अजय, सुनील शेट्टी, प्रियंका, दीया की 'जाना नहीं था' गीत वाली फिल्म-२,२
५. अनिल, अक्षय, मनोज, करीना की 'मेरा दिल जिस' गीत वाली फिल्म-३
७. 'चाँद को क्या मालूम' गीत वाली पृथ्वीराज, शेख मुख्तार की फिल्म-२,३
९. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'मुसाफिर जाने वाले' गीत वाली फिल्म-३
११. 'जाओ जाओ हमसे क्या' गीत वाली जैकी श्रॉफ अमृतासिंह की फिल्म-२,३
१४. राजेश खन्ना, बबीता की 'अकेले हैं चले आओ' गीत वाली फिल्म-२
१५. गुड्डू धनोआ निर्देशित इमरान खान, शाहबाज खान, तब्बू की फिल्म-२
१७. करण दीवान, वैजयंतीमाला की 'दुनिया का मजा लेलो' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'तुम मुझे भूल भी जाओ' गीत वाली सुनीलदत्त, वहीदा रहमान की फिल्म-२
२१. जीतेंद्र, रेखा की 'गाँव में होते हँसते रोते' गीत वाली फिल्म-४
२३. प्रकाश झा निर्देशित मनोहरसिंह, अन्नूकपूर, सरला, दीप्ति नवल की फिल्म-३
२४. शशिकपूर, शर्मिला टैगोर की 'जिक्र होता है जब कयामत का' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. 'दिल में जागी धड़कन ऐसे' गीत वाली लकी अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
२७. प्रशांत, संध्या की 'पंख होते तो उड़ आती रे' गीत वाली फिल्म-३
३०. फिल्म 'जबर्दस्त' में सनी देओल के साथ नायिक कौन थी-४
३२. जैकी, अमरीश, डिम्पल की 'हम न समझे थे' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'सपने में मिलती है' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज वाजपेयी, उर्मिला मातोंडकर की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. रानी ने इसमें अंधी एवं गूंगी-बहरी लड़की की भूमिका की है-२
२. फिरोज, संजय खान, मुमताज की फिल्म-२
३. 'आज गालो मुस्करालो' गीत वाली फिल्म-४
४. शम्मीकपूर, सायरा की एक फिल्म-३
६. 'सनम तुम हम पे मरते' गीत वाली फिल्म-३
८. 'मैं तुझसे मिलने आई' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-२
९. धर्मेन्द्र, रेखा की 'ऐ हवा ये बता' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'संसार है एक नदिया' गीत वाली विनोद मेहरा, डैनी, मौसमी चटर्जी की फिल्म-३
११. 'तुम तो परदेसी हो' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'ना सतरा से ऊपर ना सोला से कम' गीत वाली नवीन निश्चल, रेखा की फिल्म-२
१३. अशोककुमार, मधुबाला की 'आयेगा आने वाला' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली फिल्म-२
१८. जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता भट्ट की 'अब घर आजा' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली अक्षयकुमार, करिश्मा की फिल्म-३
२१. शाहरूख, मनीषा, प्रीति की फिल्म-२,१
२२. फिल्म 'आरम्भ' में राकेश के साथ नायिका-२
२५. राजनीकांत, पद्मिनी, विजेयता की फिल्म-४
२६. 'ऐ यार सुन यारी' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूरस रेखा, परवीन बाबी की फिल्म-३
२८. शॉंवरअली, तरूण, मेघना नायडू कीफिल्म-३
२९. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-२
३१. ऋतिक रोशन, करीना कपूर की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3547



## सूडोकु -3548

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3547 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## शब्द पहेली - 3548




**बाएँ से दाएँ**

1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**

1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीडा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

### शब्द पहेली - 3547 का हल



विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
सोमवार 02 जून 2025
Www.vishalindia.in

# ग्रेटर नोएडा में सभी पानी की टंकियों की होगी सफाई

## शेड्यूल जारी, प्रेशर कम आने पर मंगवाए टैंकर, जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण भूमिगत जलाशयों के साथ ही अब अपर जलाशयों (टंकियों) की सफाई कराएगा। इसकी शुरुआत 3 जून से होगी। सबसे पहले सिग्मा फोर के ओवरहेड टैंक की सफाई की जाएगी। प्राधिकरण ने अपर जलाशयों की सफाई के लिए डेट वाइज शेड्यूल जारी किया है।

प्राधिकरण स्वच्छ जलापूर्ति के लिए तय समयावधि में जलाशयों की सफाई कराता रहता है। जिस दिन सफाई होगी उस दिन सुबह की जलापूर्ति होगी। दोपहर व शाम को पानी का प्रेशर कम रहेगा।

### सफाई वाले दिन कम रहेगा प्रेशर

इसलिए जल विभाग की तरफ से पानी को स्टोर करके रख लेने की सलाह दी गई है और अगर किसी जगह पानी नहीं मिल पाता है तो वह टैंकर मंगवा सकता है। जल विभाग ने टैंकर का भी इंतजाम किया है। टैंकर मंगवाने के लिए संपर्क नंबर भी दिए गए हैं।

महाप्रबंधक परियोजना एके सिंह ने बताया कि पानी की स्वच्छता को बरकरार रखने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण नियमित रूप से अपर व भूमिगत जलाशयों की सफाई कराता रहता है। प्राधिकरण ने भूमिगत




जलाशयों की सफाई पहले ही शुरू करा दी है। सिग्मा फोर -03 जून, बिल्डर्स एरिया पी-4 -04 जून, सेक्टर चाई फोर पुराना -5 जून, सेक्टर चाई फोर -6 जून, बिल्डर्स एरिया पी-7 -9 जून, सेक्टर-32 -10 जून, सेक्टर-33 -11 जून, सेक्टर-37 -12 जून, स्वर्णनगरी -13 जून, सेक्टर ईटा -14 जून, सेक्टर ईटा वन -16 जून, ओमीक्रॉन वन -17 जून, ओमीक्रॉन थ्री -18 जून, ज्यू -2 -19 जून, ज्यू-3 -20 जून,
अल्फा गोल्फ कोर्स -21 जून, गामा टू -23 जून, सेक्टर म्यू -24 जून, केपी वन -25 जून, केपी टू -26 जून, केपी थ्री -27 जून, इको टेक वन एक्सटेंशन वन -28 जून, इको टेक वन एक्सटेंशन -30 जून, इको टेक टू -01 जुलाई, ट्वॉय सिटी -02 जुलाई, सेक्टर -3 -03 जुलाई, सेक्टर दो -04 जुलाई, सेक्टर दो ओएचटी कैंपस -05 जुलाई, बीटा टू -07 जुलाई, सेक्टर फाई फोर -08 जुलाई, सिग्मा टू -09 जुलाई, इको टेक थ्री -10 जुलाई।

### पानी की दिक्कत हो तो इन नंबरों पर करें कॉल

पानी की दिक्कत होने पर ग्रेटर नोएडा के निवासी इन नंबरों (7983604110, 9811839456, 9873763995, 9899331572, 9654302913, 8130504019, 8377911380, 9871090100 और 8859285804) पर कॉल कर सकते हैं।

# हिंडन नदी पर 2 जगहों पर बनेंगे हेड रेग्युलेटर

## डिजाइन के लिए सिंचाई विभाग को दिए 30 लाख, 2023 में बैक फ्लो से हुआ था जलभराव

**नोएडा।** नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे के किनारे बसे सेक्टरों में यमुना व हिंडन का पानी बैक फ्लो होकर सड़कों पर आने से रोकने के लिए हिंडन पर दो हेड रेग्युलेटर सेक्टर-148 व 150 में बनाया जाएगा। इसके निर्माण पर आने वाला खर्च प्राधिकरण वहन करेगा। जबकि निर्माण उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग करेगा। पिछले दिनों नोएडा प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग की संयुक्त टीम ने इसका स्थलीय निरीक्षण किया था।

इसका सर्वे ड्राइंग डिजाइन तैयार करने के लिए प्राधिकरण से 30 लाख रुपए मांगा था, जिसे सिंचाई विभाग को सौंप दिया गया है। अब परियोजना को बनाने के लिए प्राधिकरण से नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे के किनारे बसे सेक्टरों व सोसाइटी का लेआउट प्लान मांगा है। इससे सिंचाई विभाग की टीम को यह पता चल सके कि कौन-कौन से सेक्टर और सोसाइटी को हेड रेग्युलेटर से जोड़ा जा सकता है।

### 2023 में बैक फ्लो होने सेक्टरों में भरा था पानी

दरअसल, 2023 में हिमाचल प्रदेश में बादल फटने के बाद अचानक यमुना का जलस्तर बढ़ गया। यमुना का जल बैकफ्लो होने से सेक्टर-168 में बना हेड रेग्युलेटर फेल हो गया। एक्सप्रेसवे के किनारे बने नालों में यमुना का जल पहुंच गया। इससे सेक्टर-142 स्थित एडवंट के नवनिर्मित नाले फट गए। इससे सेक्टर-137 तक की तमाम सोसायटियों की सड़कों पर जलभराव हो गया।

प्राधिकरण ने ऑप्शनल व्यवस्था से यमुना के जल को शहर में घुसने से रोका। बोरियां डालकर बांध बनाया गया।

### बरसाती नाले को हिंडन से जोड़ा जाएगा

तब तक सेक्टर-150 स्थित मोम नाथल गांव के पास हिंडन में यमुना का जल बैकफ्लो हो गया। इससे सेक्टर-145 से सेक्टर-148 और सेक्टर-150 की सड़कों व कालोनी व गांव में जलभराव हो गया। इसको प्राधिकरण ने खतरे की घंटी माना है। इसलिए यहां पर बने नालों के हिंडन में डालने के लिए हेड रेग्युलेटर बनाने का निर्णय लिया गया। यहां की सोसाइटी या सेक्टर को कोई भी बरसाती नाला हिंडन में नहीं डाला गया है। ऐसे में बरसाती नाला को हिंडन से जुड़ने के साथ-साथ सीवर का शोधित जल भी इसमें में डाला जाएगा।

# नोएडा में प्राइवेट यूनिवर्सिटी में छात्रों के बीच मारपीट

### क्लास में सीट को लेकर दो गुट भिड़े, पुलिस ने कार्रवाई से किया इनकार

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में यमुना एक्सप्रेसवे के पास स्थित एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी में छात्रों के बीच झगड़ा हुआ। कक्षा में सीट को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में छात्र एक-दूसरे पर लात-घूंसे बरसाते दिख रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, कक्षा में आगे-पीछे बैठने को लेकर दो छात्रों में कहासुनी हुई। इसके बाद दोनों ने अपने-अपने गुट के छात्रों को बुला लिया और यूनिवर्सिटी परिसर में ही झगड़ा शुरू हो गया।

यूनिवर्सिटी में इस तरह की घटनाएं आम हो गई हैं। छात्र-छात्राओं के बीच झगड़ों के वीडियो लगातार सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। छात्रों का आरोप है कि यूनिवर्सिटी प्रबंधन ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने में विफल रहा है। इससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

दनकौर कोतवाली के प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने कहा कि वायरल वीडियो उनके संज्ञान में नहीं आया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले का संज्ञान लेकर कार्रवाई की जाएगी।

# नोएडा में मोबाइल स्नैचिंग गैंग के 4 सदस्य गिरफ्तार

## चोरी की बुलेट बाइक समेत 13 मोबाइल बरामद

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा पुलिस ने मोबाइल स्नैचिंग और मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। थाना सेक्टर-58 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने सेक्टर-62 स्थित कैंडोर चौराहे से अमन शुक्ला और फिरोज अली को पकड़ा। इनकी निशानदेही पर नोएडा वन रोड से समोहिल उर्फ अमन और आमिर को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से 13 चोरी के मोबाइल फोन, एक चोरी की बुलेट मोटरसाइकिल और वारदात में इस्तेमाल की गई स्प्लेंडर बाइक बरामद हुई है।

पूछताछ में सामने आया कि अमन शुक्ला और फिरोज अली मोबाइल स्नैचिंग करते थे। चोरी के मोबाइल समोहिल और आमिर को बेचने के लिए देते थे। आरोपियों ने खुलासा किया कि बुलेट बाइक थाना बिसरख क्षेत्र से चोरी की थी।

### ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को मारी टक्कर, कंपनी कर्मचारी की मौत

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। गलगोटिया यूनिवर्सिटी के पास एक ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में कंपनी कर्मचारी सुभाष गौतम की मौके पर ही मौत हो गई। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के नवादा गांव के रहने वाले सुभाष गौतम ग्रेटर नोएडा की एक कंपनी में काम करते थे। शनिवार शाम को वह ड्यूटी से छुट्टी के बाद बाइक से घर लौट रहे थे। गलगोटिया यूनिवर्सिटी के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

# ग्रेटर नोएडा की गौर सिटी में रहवासियों का विरोध

## मेंटेनेंस चार्ज वसूली के बावजूद सफाई और सुरक्षा व्यवस्था नदारद

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौर सिटी के 14वें एवेन्यू में रहवासियों ने सोसाइटी की खराब व्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन किया। सैकड़ों निवासियों ने बिल्डर और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के विरुद्ध आवाज उठाई।

सोसाइटी में प्रति माह 2000 से 3500 रुपये तक मेंटेनेंस चार्ज लिया जा रहा है। निवासियों का कहना है कि इतना शुल्क देने के बाद भी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। सोसाइटी में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं।

एनजीटी ने प्राधिकरण को एक सप्ताह में गौर एप्लिकेशन पर कार्रवाई कर सफाई कराने का आदेश दिया था। कई




शिकायतों के बावजूद न तो प्राधिकरण और न ही बिल्डर ने कोई ध्यान दिया। सोसाइटी में आवारा कुत्तों की समस्या भी गंभीर है। हर मंजिल पर आवारा कुत्ते घूमते रहते हैं। इससे निवासियों में भय का माहौल है। कूड़े और गंदगी से बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। बेसमेंट में भी कचरा जमा है। निवासियों का आरोप है कि प्राधिकरण और प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो वे बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

### फल खरीदते समय युवक की हत्या का मामला

# रेकी करने वाला नाबालिग पकड़ा, दो आरोपी पहले से गिरफ्तार

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के मंडी श्यामनगर में 12 मई को हुई एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने एक और सफलता हासिल की है।

पुलिस ने हत्या से पहले रेकी करने वाले एक नाबालिग को अभिरक्षा में लिया है। इस मामले में पुलिस पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

घटना दनकौर कोतवाली क्षेत्र की है। मृतक विशाल (21) दनकौर रेलवे



स्टेशन रोड पर मंडी श्याम नगर में अपने परिवार के साथ रह रहा था। वह मूल रूप से बादलपुर कोतवाली के सादोपुर गांव का रहने वाला था।

12 मई को जब विशाल बाजार में फल खरीद रहा था, तब बाइक सवार सनी ने उस पर गोली चला दी।

यह हत्या रंजिश के कारण की गई। अच्छेजा गांव के राहुल, विपिन और सनी की योजना के तहत अमित और एक नाबालिग ने हत्या से एक दिन पहले विशाल की रेकी की थी।

मृतक के पिता विजय की शिकायत पर सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने विपिन और अमित को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

अब रेकी करने वाले नाबालिग को भी शनिवार रात हिरासत में ले लिया गया है। उसे रविवार को किशोर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि शेष फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं।

# शादी का वादा कर युवती से दुष्कर्म

### अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर खाते से 1.90 लाख रुपये ऐंठे, आरोपी गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में एक युवती के साथ दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। थाना बीटा-2 पुलिस ने आरोपी प्रियांक मिश्रा को जीरो प्वाइंट के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने युवती को शादी का झांसा दिया। इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने पीड़िता का अश्लील वीडियो बना लिया। वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर उसने पीड़िता से 1 लाख 90 हजार रुपये ऐंठ लिए। जब पीड़िता ने आरोपी से शादी करने की बात कही, तो उसने गाली-गलौच की। साथ ही मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने 1 मई 2025 को थाना बीटा-2 में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# फर्जी रजिस्ट्री से मकान हड़पने वाले 4 गिरफ्तार



**गौतम बुद्ध नगर।** गाजियाबाद में फर्जी रजिस्ट्री कर मकान हड़पने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान शिवा उर्फ शिबू, दिनेश, ज्ञानेन्द्र उर्फ ज्ञानी और राजवीर के रूप में हुई है। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी के अनुसार, 1 जून को पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई। आरोपियों ने राजवीर को मकान का मालिक दिखाकर दिनेश की पत्नी नेहा के नाम फर्जी रजिस्ट्री करा दी थी। जांच में पता चला कि शिवा, दिनेश और ज्ञानेन्द्र की मुलाकात गाजियाबाद जेल में हुई थी। शिवा 2007 से 2019 तक हत्या के मामले में जेल में था। दिनेश 2009-10 और 2012-22 तक विभिन्न मामलों में कैद रहा। ज्ञानेन्द्र 2021-22 में जेल में था। जेल से छूटने के बाद इन्होंने प्रॉपर्टी डीलिंग का काम शुरू किया। शिवा प्रॉपर्टी डीलर बना, जबकि दिनेश और ज्ञानेन्द्र ग्राहक लाने का काम करते थे। इन्होंने शराब के आदी राजवीर को अपनी योजना में शामिल किया। पुलिस ने मुखबिर और स्थानीय इंटेलिजेंस की मदद से सलारपुर खादर शिव शक्ति एन्क्लेव सेक्टर-81 से चारों को गिरफ्तार कर लिया।

# बिना परमिट निजी वाहनों के व्यावसायिक उपयोग के विरुद्ध कार्रवाई हेतु परिवहन विभाग सक्रिय

## डीएम के नेतृत्व में 1 जून से 15 जून 2025 तक चलेगा विशेष अभियान

**गौतम बुद्ध नगर।** प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने, राजस्व हानि को रोकने तथा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में बिना परमिट निजी वाहनों के व्यावसायिक उपयोग पर अंकुश लगाने हेतु परिवहन विभाग गौतम बुद्ध नगर द्वारा 1 जून से 15 जून 2025 तक बिना परमिट व्यवसायिक कार्य करने वाले निजी वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान संचालित किया गया है।

एआरटीओ डॉ उदित नारायण पांडेय ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत स्कूलों में संचालित निजी वैन, ओला, उबर, जोमैटो आदि में उपयोग होने वाली निजी मोटरसाइकिलें और अन्य




वाहन, सरकारी और अर्ध-सरकारी विभागों में किराए पर अनुबंधित गैर-व्यावसायिक वाहनों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

अभियान को प्रभावी बनाने हेतु जनपद गौतमबुद्ध नगर में पांच प्रवर्तन टीमें गठित की गई हैं, जिनमें तीन सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) और दो यात्रीकर अधिकारी (पीटीओ) शामिल हैं। ये टीमें डॉ. उदित नारायण पांडेय (एआरटीओ), अभिषेक कनौजिया (एआरटीओ), विपिन चौधरी (एआरटीओ), राजेश मोहन (पीटीओ) के.जी. संजय (पीटीओ) के नेतृत्व में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में वाहनों के परमिट सहित समस्त प्रपत्रों की गहनता से जांच करेगी और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी।

मोटर वाहन अधिनियम मे बिना रजिस्ट्रेशन पांच हजार रुपए, बिना परमिट दस हजार रुपए प्रशमन शुल्क निर्धारित है। एआरटीओ डॉ. उदित नारायण पांडेय ने बताया कि यह 15 दिवसीय अभियान प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने, राजस्व हानि को रोकने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चलाया जा रहा है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी निजी वाहन बिना वैध परमिट व्यावसायिक कार्य नहीं कर सकता। जनपद के समस्त कार्यालय अध्यक्षों से भी किराये पर अनुबंधित वाहनों की सूचना मांगी गई है।

## शार्ट न्यूज

### ढाबा मालिक को कार से कुचलने का मामला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में एक ढाबा संचालक को कार से कुचलने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को रविवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। गांव आकलपुर के वेदप्रकाश और मनवीर भीकनपुर मार्ग पर साझेदारी में ढाबा चलाते हैं। मंगलवार रात करीब 12 बजे दोनों ढाबा बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के ही विकास ने पुरानी रंजिश के कारण अपनी स्कॉर्पियो से उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वेदप्रकाश का कुल्हा और पैर टूट गया। मनवीर को भी चोटें आईं। टक्कर मारने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित का आरोप है कि 6 महीने पहले आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने कार चालक विकास, उसके साथी राहुल और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया। जांच में विकास, राहुल और उनके साथी वाजिद अली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### अवैध इमारत की सील तोड़ने के मामले में केस दर्ज

**नोएडा।** प्राधिकरण की अर्जित एवं कब्जा प्राप्त भूमि पर बनी बहुमंजिला इमारत में लगी सील तोड़ने के आरोप में एक नामजद और पांच अज्ञात के खिलाफ सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज हुआ है। केस नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल आठ के अवर अभियंता एसके वर्मा की ओर से दर्ज कराया गया है। पुलिस नामजद आरोपी से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। शिकायतकर्ता के मुताबिक हाजीपुर गांव के खसरा संख्या 412 पर एटीएस हेमलेट सोसाइटी निवासी सुनील त्यागी द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। संबंधित भूमि नोएडा प्राधिकरण की कब्जा प्राप्त भूमि है। अतिक्रमण को रोकने के लिए प्राधिकरण की ओर से पुलिस स्टेशन पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई करने के लिए शिकायतीपत्र भी दिया गया था। संबंधित भूमि पर बनी अवैध बिल्डिंग को प्राधिकरण द्वारा 21 मई को सील कर दिया गया ताकि अतिक्रमण करने वाले आगे कुछ न कर सकें। आरोप है कि 28 मई को पांच से छह लोगों ने प्राधिकरण की सील को जबरदस्ती तोड़कर अतिक्रमित बिल्डिंग में जबरन प्रवेश किया गया। आरोपियों ने अतिक्रमण की कार्रवाई को बढ़ावा दिया।

### ग्रेनो में फव्वारों का संचालन निजी कंपनी करेगी

**ग्रेटर नोएडा।** परी चौक, सूरजपुर घंटाघर चौक और सिटी पार्क सहित प्रमुख स्थानों पर लगे फव्वारे के संचालन की व्यवस्था जल्द दुरुस्त होगी। इसके संचालन और मरम्मत कार्य की जिम्मेदारी दो साल के लिए एक निजी एजेंसी को सौंपी जाएगी। इस कार्य पर डेढ़ करोड़ रुपये खर्च होंगे। एजेंसी के चयन के लिए निविदा जारी कर दी गई है। उम्मीद है कि एक माह में काम शुरू हो जाएगा। शहर की सुंदरता बढ़ाने के लिए प्राधिकरण ने विभिन्न स्थानों पर फव्वारे लगाए हैं। पिछले कुछ समय से इनका उचित रखरखाव नहीं हो पा रहा। शहर की प्रमुख पहचान परीचौक और सूरजपुर घंटाघर चौक पर लगे फव्वारे कभी-कभी ही चलते हैं। इनके निर्माण पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं। फव्वारों के संचालन में आ रही दिक्कत को देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अब इनके संचालन और मरम्मत के लिए निजी एजेंसी का चयन करने का निर्णय लिया है। एजेंसी का चयन करने के लिए निविदा जारी कर दी गई है। अधिकारी के मुताबिक चयनित कंपनी को दो साल के लिए जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

### स्वदेशी जागरण मंच की नई कार्यकारिणी का गठन

**ग्रेटर नोएडा।** स्वदेशी जागरण मंच की जिला इकाई गौतमबुद्धनगर की नई कार्यकारिणी का शनिवार को गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में शारदा विवि के डॉ शशांक शर्मा को संगठन के जिला संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ राजीव कुमार ने बताया कि नई कार्यकारिणी में डॉ दिव्या त्रिपाठी को गलगोटिया विवि प्रमुख, डॉ गौरव कुमार व नीरज कौशिक को गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय प्रमुख तथा डॉ सतीश कुमार को शारदा विवि का प्रमुख बनाया गया है। वहीं स्वदेशी जागरण मंच के स्वावलंबी भारत अभियान का जिला समन्वयक शारदा विवि के डॉ मोहित साहनी को नियुक्त किया गया है। डॉ शशांक शर्मा ने बताया कि स्वदेशी जागरण मंच आगामी दिनों में विभिन्न जन जागरूकता अभियानों, स्वदेशी उत्पादों के प्रचार, प्रशिक्षण शिविरों तथा सम्मेलन का आयोजन कर लोगों को स्वदेशी के पक्ष में संगठित करने का प्रयास किया जाएगा।

### सुविधाओं की मांग को लेकर लोगों ने की बैठक

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित महागुन मंत्रा वन के लोगों ने रविवार को बिल्डर प्रबंधन के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने रजिस्ट्री और रखरखाव के मुद्दे को उठाया। उनका आरोप है कि बिल्डर प्रबंधन द्वारा सोसाइटी के रखरखा में लापरवाही बरती जा रही है, जिससे सोसाइटी के लोग अधिक परेशान है। सोसाइटी में रहने वाले जेपी पांडे ने बताया कि पिछले दो वर्ष से लोग रजिस्ट्री होने का इंतजार कर रहे हैं। बिल्डर प्रबंधन से बात करने पर केवल आश्वासन मिलता है। अभी तक रजिस्ट्री की प्रक्रिया को शुरू नहीं किया गया है। वहीं, लोगों का कहना है कि 3.54 रुपए प्रति स्क्वायर के हिसाब से रखरखाव शुल्क देते है, लेकिन सोसाइटी का रखरखाव ठीक नहीं हो रहा है। सोसाइटी के बेसमेंट को कूड़ा घर बना दिया गया है। ग्रीन बेल्ट नष्ट हो रही है। स्वीमिंग पूल में क्लोरीन मिक्चर मशीन नहीं लगी है। आए दिन लिफ्ट खराब रहती है। सोसाइटी में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरा नहीं लगे है। ग्रीन बेल्ट को बिल्डर ने पार्किंग बना कर बेच दिया है, लेकिन एक भी गेस्ट पार्किंग चिन्हित नहीं की गई।

### यमुना सिटी के 29 गांवों की सूरत बदलेगी

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना सिटी के गांवों में सूरत बदलने की तैयारी है। करीब 29 गांवों में कचरा निस्तारण से लेकर पक्की सड़कें और लाइब्रेरी समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं को विकसित करने के लिए टेंडर जारी किया गया है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि प्राधिकरण विकास परियोजनाओं के लिए जमीन अधिग्रहण कर रहा है, जिन गांवों की जमीन ली जा रही है वहां पर विकास कार्यों की जिम्मेदारी प्राधिकरण की है। इन गांवों की हालत काफी खराब है, अब गांवों की सूरत बदलने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग की टीम को मौके पर जाकर कार्यों का सर्वे करने के आदेश दिए गए है। इन गांवों में मई से विकास कार्य शुरु करा दिए जाएंगे। जाफराबाद गांव में इंटरलॉकिंग टाइल्स और नाले का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए 8.6 लाख का टेंडर जारी किया गया है। फलैदा बांगर के लिए 9.31 लाख का टेंडर जारी किया गया है, यहां पर शमशाम घाट के लिए बाउंड्री वॉल और रास्ता बनेगा। महोम्मदाबाद खेड़ा गांव में शमशान घाट का रास्ता व अन्य विकास कार्यो पर 5.46 लाख खर्च होंगे। साथ ही धुधेरा सिरसा मानिकपुर में ई-लाइब्रेरी और पंचायत घर का काम कराने के लिए 28 लाख खर्च होंगे।

### प्राधिकरण को 12 हफ्ते में रिपोर्ट देने का निर्देश

**ग्रेटर नोएडा।** इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा ग्रेटर नोएडा वेस्ट की ऐस सिटी सोसाइटी में संचालित स्कूल व मार्ट की समाधान रिपोर्ट ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को 12 हफ्ते के अंदर देने के निर्देश दिए हैं। अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि सोसाइटी के कामन एरिया में स्कूल व मार्ट का संचालन होते है। जिनका करीब 3 लाख रुपए बिल्डर को मिलता है। जबकि बिल्डर 2023 में एओए को सोसाइटी हैंडोवर कर चुका है। ऐसे में यह राशि एओए को मिलनी चाहिए, जिससे सोसाइटी का रखरखाव किया जा सके, लेकिन बिल्डर प्रबंधन द्वारा ऐसा नहीं किया जाता है। सोसाइटी के एओए ने इसकी शिकायत ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से भी की थी, परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद सोसाइटी के लोगों ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाई कोर्ट ने डीड आफ डिक्लेरेशन के तहत प्राधिकरण को 12 हफ्ते के अंदर रिपोर्ट देने का निर्देश दिए हैं, जिसके बाद से लोगों में न्याय की उम्मीद जगी है।

# नोएडा-गाजियाबाद में तेज बारिश, गोरखपुर में पेड़ गिरे

## लखनऊ, उन्नाव में आंधी से रोड जाम, यूपी के 6 शहरों में मौसम बदला



**वाराणसी।** यूपी में मौसम फिर बदल गया है। गोरखपुर, उन्नाव और हापुड़ में तेज आंधी आई। गोरखपुर के कैंपियरगंज में 1.30 बजे 50ह्मद्द प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। बीएमसीटी रोड पर एक पेड़ मैजिक गाड़ी पर गिर पड़ा। जिससे डेढ़ घंटे तक जाम लगा रहा।

वहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की रोड पर बिजली का पोल गिरने से गुमटी क्षतिग्रस्त हो गई।

उन्नाव के सफीपुर में आंधी से पेड़ गिर गया। इससे एक बुजुर्ग को चोट लग गई। लखनऊ में भी तेज हवाएं चल रही हैं। नोएडा-गाजियाबाद में तेज बारिश हुई।

मौसम में यह बदलाव रविवार दोपहर से शुरू हुआ। मौसम विभाग ने यूपी के 50 शहरों में बारिश और बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया है।

प्रदेश में 24 घंटे में सबसे ज्यादा बारिश महाराजगंज में 28.9 मिमी दर्ज की गई। जालौन का उरई सबसे गर्म रहा। यहां का तापमान 43.4 रिकॉर्ड किया गया।

### अब शहरों के मौसम का हाल समझिए...

गाजियाबाद में हल्की-हल्की बारिश शुरू हुई है। 40 किलोमीटर की गति से तेज हवाएं चल रही हैं। 5 मिली मीटर बारिश होने का अनुमान जताया है।

उन्नाव के सफीपुर तहसील मुख्यालय के सामने रविवार शाम तेज हवा से पेड़ गिर गया। इससे हरदोई-उन्नाव मुख्य मार्ग पर एक वृद्ध को मामूली चोटें आई। यहां जाम भी लग गई।

गोरखपुर के कैम्पियरगंज में आंधी-तूफान से बिजली के खंभे और पेड़ गिरे। डेढ़ घंटे तक यातायात रुका, मैजिक टैक्सी क्षतिग्रस्त हो गई।

लखनऊ में दोपहर के बाद से तेज हवा चल रही हैं। बादल छाए हुए हैं, अनुमान है कि बारिश हो सकती है।

## लखनऊ के अस्पताल में ऑपरेशन के बाद बच्चे की मौत

लखनऊ में निजी अस्पताल में ऑपरेशन के बाद 5 साल के मासूम की मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। परिजनों का कहना था कि डॉक्टरों की लापरवाही से बेटे की मौत हुई है। दोषी अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। हरदोई के बेनीगंज निवासी बैजनाथ के 5 साल के बेटे प्रांजल के सीने में दर्द था। बैजनाथ ने बताया कि उन्होंने लखनऊ के दुबग्गा के अंधे चौकी कसमंडी रोड स्थित न्यू वेदांता हॉस्पिटल में बेटे को दिखाया तो डॉक्टरों ने भर्ती करने को कहा। डॉक्टरों ने परिजनों से बताया कि बच्चे के सीने में फोड़ा है, ऐसे में ऑपरेशन करने की जरूरत है। इस पर परिजनों ने ऑपरेशन करने के लिए कह दिया। परिजनों के मुताबिक ऑपरेशन के कुछ देर बाद बेटे की मौत हो गई। जानकारी मिलते ही परिजन आपे से बाहर हो गए। अस्पताल में बवाल बढ़ने पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

## पुलिस ने जबरन वसूली के मामले में वांछित तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा थाना कोतवाली पर पंजीकृत मु0अ0स0-627/25 धारा 308(5)/351(3) बी.एन.एस. में वांछित अभियुक्तगण महेन्द्र सिंह पुत्र जगभान सिंह उम्र करीव 30 वर्ष निवासी शान्ति नगर रावतयाना थाना कोतवाली शेर सिंह यादव पुत्र खुशीराम यादव उम्र करीव 26 वर्ष निवासी अस्तौन थाना कोतवाली टीकमगढ जिला टीकमगढ म. प्र. साबिर खाँन पुत्र काले खाँ उम्र करीव 22 वर्ष निवासी अस्तौन थाना कोतवाली टीकमगढ जिला टीकमगढ म.प्र. को बंधा पुंछा, कोतवाली ललितपुर से गिरफ्तार किया गया। अभि0गण महेन्द्र के कब्जे से 5000/- रूपये, शेर सिहं यादव के कब्जे से 1500/- रूपये व अभियुक्त साबिर से 1000/- रूपये बरामद किये गये हैं। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

वादिया द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि अभियुक्त गण द्वारा वादिनी के पति को जान से मारने की धमकी देते हुए 10,000 रूपये की मांग करना, जिससे भय मे आकर रूपये दे देने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ था।

प्रार्थना-पत्र के आधार पर थाना कोतवाली ललितपुर पर सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमे गठित की गयी थी।

# धोखाधड़ी मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार



**ललितपुर।** कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में दो वांछित आरोपीयों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा कोतवाली पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 832/24 धारा 420.467.468.471.387.506 भादवि में वांछित अभियुक्तगण सुरेन्द्र राजा पुत्र स्व0 राजेन्द्र सिंह उम्र करीव 55 वर्ष निवासी श्रद्वानन्दपुरा थाना कोतवाली नाहिदा अख्तर पुत्री स्व0 हामिद उम्र करीव 63 वर्ष निवासी ज्ञानदीप स्कूल कस्वा मडावरा थाना मडावरा को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

# पिता ने दामाद संग मिलकर बेटी को पीट-पीटकर मार डाला

## आगरा में बाइक से शव ले जाकर फेंका, पति के साथ नहीं जा रही थी




**आगरा।** आगरा में पिता ने दामाद के साथ मिलकर बेटी को पीट-पीटकर मार डाला। हत्या के बाद ससुर-दामाद रात में शव को बाइक पर लादकर गांव से दूर ले जाकर सड़क किनारे फेंक दिए। सुबह महिला का शव देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम ने आसपास के थानों में महिला का फोटो भेजा। तब मृतका की शिनाख्त हुई। सूचना पर पहुंचा पिता बेटी के लापता होने का नाटक करता रहा। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो जुर्म कबूल कर लिया। घटना खेरागढ़ थाना क्षेत्र के भोपुर गांव की है। मृतका सुनीता (30) धौलपुर के गांव बसई नवाब की रहने वाली थी। उसकी शादी बरबर में हुई थी। वह पति के साथ नहीं रहना चाहती थी, इसलिए पिता ने सुनीता के पति और देवर के साथ मिलकर उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी।

डीसीपी वेस्ट अतुल शर्मा ने बताया- खेरागढ़ के गांव भोपुर में शनिवार को महिला की लाश मिली थी। मृतका की बहन पूजा ने पुलिस को बताया- वो 3 बहनें हैं। तीनों बहनों की शादी 2010 में खेरागढ़ के बरबर गांव में हुई थी। सुनीता का पति पवन उसके साथ मारपीट करता था। ऐसे में वो उसके साथ रहना नहीं चाहती थी।

बहन पूजा ने बताया- सुनीता अपने पति के चचेरे भाई विष्णु से प्यार करती थी। वो दोनों शादी करना चाहते थे। 29 मई को सुनीता को मैं अपने घर यानी उसके मायके धौलपुर छोड़कर आई थी। 30 मई की रात 11 बजे सुनीता ने प्रेमी विष्णु के पास फोन किया। सुनीता ने विष्णु से कहा- मेरे पिता और पति मुझे जान से मार देंगे। कैसे भी मुझे बचा लो। इसके बाद उसका फोन स्विच ऑफ हो गया।

बहन ने कहा- 31 मई को मैं जब अपने मायके पहुंची तो मां ने बताया कि तेरे पिता और सुनीता के पति पवन, उसके देवर जल सिंह ने मिलकर रात में सुनीता की हत्या कर दी। ष्टक्क खेरागढ़ इमरान अहमद ने बताया कि घटनास्थल धौलपुर का था, ऐसे में वहां की पुलिस से बात कर मामला वहीं पर ट्रांसफर कर दिया। वहां पर मुकदमा दर्ज हो गया है। तीनों आरोपी भी पकड़ लिए गए हैं।

# गौर कॉलोनी में चोरी का प्रयास करने वाले अंतरराज्यीय चोर गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार



**ललितपुर।** पुलिस ने गौर कॉलोनी में चोरी का प्रयास करने वाले अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के पांच और सदस्यों को धर दबोचा।इनके पास से एक स्कॉर्पियो कार एक कटर दो पेचकस बरामद हुआ है।

पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में घटना के सफल अनावरण हेतु थाना कोतवाली पुलिस व स्वाट/ सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा थाना कोतवाली ललितपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-623/2025 धारा 331(4)/305/62 बीएनएस में प्रकाश में आये वांछित अभियुक्तगण रोहित पुत्र भगत उम्र करीब 19 वर्ष, निवासी शाहगढ वार्ड न. 02 थाना शाहगढ जिला सागर म.प्र. नेपाल उर्फ राजा गौड़ पुत्र रन्धीर उम्र करीब 26 वर्ष, निवासी शाहगढ वार्ड न. 02 थाना शाहगढ जिला सागर म. प्र. खुशीराम पुत्र मल्ला गौढ उम्र करीब 28 वर्ष निवासी शाहगढ वार्ड न. 02 थाना शाहगढ जिला सागर म0प्र0 बृसने उर्फ ब्रासनीय पुत्र भगत उम्र करीब 19 वर्ष नि0 साहगढ म0प्र0 निवासी शाहगढ वार्ड न. 02 थाना शाहगढ जिला सागर म.प्र.आकाश पुत्र भगवत उम्र करीब 23 वर्ष निवासी शाहगढ वार्ड न. 02 थाना शाहगढ जिला सागर म.प्र. को टैलैगो ग्राउण्ड ललितपुर से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से एक कटर लोहे का, दो पेंचकश व एक स्कार्पियों कार को बरामद किया गया। गिरफ्तारी अभियुक्तगण के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## झांसी में चाकू घोंपकर डॉग को मार डाला

**झांसी।** झांसी में नगर निगम के एक कर्मचारी ने बेजुबान स्ट्रीट डॉग को मार डाला। पीछे से आकर पेट में चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले से उसकी आंतें फटकर बाहर निकल आई थी। यह देख आरोपी भाग गया। घायल डॉग को पशु प्रेमियों ने अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। अब लोगों ने घायल डॉग का वीडियो सोशल मीडिया पर ट्विट कर दिया। इसके बाद पुलिस एक्शन में आ गई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के गुदरी मोहल्ले का है। बड़ागांव गेट बाहर निवासी जमुना बाल्मीकि नगर निगम में सफाई कर्मचारी है। शुक्रवार दोपहर को वह शंकर सिंह बागीचा मोहल्ले में शराब के नशे में घूम रहा था। उस दौरान उसने स्ट्रीट डॉग से छेड़छाड़ कर दी।

# हत्या के प्रयास में वांछित आरोपी गिरफ्तार, कुल्हाड़ी बरामद



**ललितपुर।** महरौनी पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में तीन वांछित आरोपीयों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बेट डण्डा भी बरामद किया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी महरौनी रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महरौनी पुलिस द्वारा थाना महरौनी पर पंजीकृत मु0अ0स0- 225/2025, धारा- 109/115(2)/ 117(2)/ 118(1)/ 191(2)/ 191(3)/ 324(4)/ 351(3)/352 बी.एन.एस. में वांछित अभियुक्तगण- शिवराज पुत्र भजनलाल उम्र करीब 58 वर्ष निवासी ग्राम चौकी थाना महरौनी ललितपुर सुमरन पुत्र भजनलाल उम्र करीब 48 वर्ष निवासी ग्राम चौकी थाना महरौनी ललितपुर, हरीसिंह पुत्र भजनलाल उम्र करीब 46 वर्ष निवासी ग्राम चौकी थाना महरौनी ललितपुर को छपरट-जरया रोड, बहद ग्राम चौकी थाना महरौनी से गिरफ्तार किया गया।

# प्रेमिका के सामने युवक ने लगाई फांसी

## दोनों ने साथ मरने की खाई थी कसम, लड़की की हिम्मत दे गई जवाब

**कानपुर देहात।** कानपुर देहात में एक युवक ने अपनी प्रेमिका को कल्याणपुर से लेकर गजनेर थाना क्षेत्र के त्रिवेदिनपुर में संदिग्ध हालात में आम के पेड़ से फांसी लगा ली। युवक की पहचान 23 वर्षीय बलवीर केवट के रूप में हुई। घटना गजनेर थाना क्षेत्र के त्रिवेदिनपुर गांव की है।

रेउना के अजगरपुर गांव के 23 वर्षीय बलबीर सिंह का हमीरपुर की एक युवती से प्रेम संबंध था। दोनों शादी करना चाहते थे। लेकिन लड़की के परिवार वाले विरोध कर रहे थे। लड़की को कानपुर के कल्याणपुर में उसके भाई के पास भेज दिया गया। जबकि बलबीर नौकरी करने के लिए गुड़गांव चला गया।

बलबीर सिंह गांव रौना, घाटमपुर कानपुर नगर का रहने वाला था। प्रेमिका हमीरपुर जिले की रहने वाली है। शनिवार की रात में बलबीर सिंह अपने घर से बाइक से 50 किमी चलकर त्रिवेदिनपुर गांव के आम की बाग में पहुंचा था। वहीं प्रेमिका बलबीर से मिलने के लिए 40 किमी की दूरी करके वह भी आम की बाग में पहुंच गयी। वहां पर दोनों घंटों बैठक कर बातचीत किया।

दोनों के बीच फोन पर संपर्क बना रहा। जब परिस्थितियां प्रतिकूल रहीं, तो शनिवार की रात युवती कपड़े लेकर घर से निकलकर बलबीर से मिलने पहुंच गई। दोनों बाइक से त्रिवेदिनपुर के पास आम के बाग में पहुंचे। यहां घंटों तक उन्होंने बातचीत की। लेकिन समाज की दीवार और पारिवारिक विरोध को देखते हुए साथ मरने का फैसला किया।

## सुल्तानपुर स्टेशन पर युवक का शव मिला

**सुलतानपुर।** सुल्तानपुर में रविवार को रेलवे स्टेशन पर एक युवक की डेड बॉडी मिली। प्लेटफार्म नंबर एक के पास जैसे ही यह सूचना मिली की युवक का शव पड़ा हुआ है वहां यात्रियों की भीड़ जमा हो गई। तभी सूचना पाकर जीआरपी की टीम भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दिया है। मामला स्टेशन स्थित प्लेटफार्म नंबर एक के पार्सल घर के पास का है। यहां यात्रियों में से किसी की निगाह एक युवक पर पड़ी, जो फर्श पर बेसुध पड़ा था। उसके शरीर में हरकत नहीं थी। इस पर शोर हुआ और देखते ही देखते सैकड़ों यात्री वहां इकट्ठा हो गए। जीआरपी को भी शव मिलने की सूचना दी गई। जीआरपी थाने के प्रभारी धीरेन्द्र चौहान मौके पर पहुंचे। उन्होंने पास जाकर देखा तो युवक की मौत हो चुकी थी। यात्रियों में से उन्होंने पहचान का प्रयास किया, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। ऐसे में उन्होंने पंचायत नामा भर कर एम्बुलेंस से शव को मॉर्च्युरी में भिजवा दिया।

# प्रेमी के शादी से मुकरने पर युवती ने लगाई फांसी

## मोहल्ले में बॉयफ्रेंड ने मारपीट भी की, मां की शिकायत पर मुकदमा दर्ज, आरोपी गिरफ्तार



**लखनऊ।** लखनऊ के गाजीपुर थानाक्षेत्र के समोदीपुर गांव में रहने वाली एक युवती ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। युवती की मां ने उसके प्रेमी पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया। उसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अंकित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मृतका की मां अनीता ने बताया वो घरों में काम करके अपने बच्चों की देखरेख करती हैं। दो साल पहले उनकी बड़ी बेटी दीक्षा का अंकित चौधरी नाम के लड़के से अफेयर हो गया। अंकित उसके सामने शादी का प्रस्ताव रखा। जिसे दीक्षा ने स्वीकार कर लिया। वह उससे शादी करना चाहती थी। आरोप है कि सालों से चल अफेयर के बाद अंकित शादी करने में टालमटोल करने लगा।

### मोबाइल छीनकर ले गया

29 मई को सुबह करीब 11 बजे अंकित उसके घर पहुंचा। कॉल करके मिलने के लिए बुलाया। दीक्षा के बाहर आने पर उसके साथ गाली-गलौज के साथ मारपीट करने लगा। इसके बाद उसका मोबाइल छीनकर चला गया। कुछ देर बाद वापस लौटा मोबाइल वापस कर दिया। लेकिन उसमें से सिम कार्ड निकाल लिया।

इसके बाद जोर चिल्लाकर बोलने लगा कि शादी नहीं करेगा। जो करना हो कर लेना। मोहल्ले में बेइज्जती के बाद दीक्षा अपने घर चली गई। काफी देर बाहर नहीं निकली तो मां देखने गई। तो दीक्षा अपने कमरे में फंदे के सहारे लटकती मिली। जिसके बाद मां ने पुलिस ने सूचना दी।

### मुकदमा दर्ज करवाने के लिए शव रखकर किया प्रदर्शन

पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव घर पहुंचा तो परिवार ने अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। उनकी मांग थी अंकित के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मुकदमा दर्ज हो। पुलिस के एफआईआर दर्ज करने के बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार किया।

### आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

पुलिस टीम शिकायत के आधार पर चौधरी भवन भगवानदीनपुरम जैन मंदिर के पीछे आम्रपाली निवासी अंकित चौधरी पुत्र सोनू चौधरी के घर पहुंची। जहाँ अंकित अपने घर पर मिल गया। पुलिस टीम जिसे अपने साथ लेकर आई। पूछताछ में उसने दो साल से अफेयर चलने की बात कबूल की। घटना से पहले उसकी दीक्षा से चैट भी हुई थी।

# शार्ट न्यूज

## प्रोजेक्ट नई किरण ने एक परिवार का कराया पुनर्मिलन



**ललितपुर।** स्थानीय पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक ललितपुर के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक तथा प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन की उपस्थिति में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया, जिसमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद 01परिवार में आपसी सुलह के आधार पर समझौता कराया गया। 01परिवार खुशी - खुशी साथ -साथ रहने को तैयार हो गये एवं आपस में मिठाई खिलाकर रिस्तों की मिठास का दिया संदेश व 07 मामलों में अग्रिम तिथि दी गई।नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुए परिवारों को जोडकर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रोशनी आयेगी, नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है। इस पुनीत कार्य में नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्य अजय बरया, डॉ. दीपक चौबे सुधा कुशवाहा, डॉ. सुभाष जैन एड.अरमान अजीज कुरैशी नई किरण में महिला थानाध्यक्ष स्वाति शुक्ला, महिला आरक्षी दीपिका, महिला नीलम आदि का विशेष सहयोग रहा।

## मुरादाबाद में दुष्कर्मी को आजीवन कारावास

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद की विशेष न्यायाधीश एससीएसटी (पीए) एक्ट कोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाया है, जिसमें साल 2018 के दुष्कर्म के मामले में दोषी संजीव को उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। साथ ही दोषी पर 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। दरअसल, मुरादाबाद जिले के थाना बिलारी इलाके के एक गांव निवासी एक ग्रामीण ने 19 दिसंबर 2018 को पुलिस को शिकायती पत्र दिया था। जिसमें बताया गया था कि वह अपनी नाबालिग बेटी के साथ खेत पर जा रहे थे। उनकी बिटिया पीछे चल रही थी, तभी गांव निवासी संजीव बिटिया को जबरन गन्ने के खेत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी की चीख निकलने पर पिता दौड़कर पहुंचे तो संजीव भाग गया। जिसके बाद पीड़ित पिता, थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी संजीव को जेल भेज दिया। विवेचना के बाद चार्जशीट विवेचक ने न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससीएसटी (पीए) एक्ट मुरादाबाद में दाखिल की।

## रिकवरी एजेंट बनकर बदमाशों ने बाइक लूटी

**लखनऊ।** लखनऊ के विभूति खंड इलाके में बदमाशों ने रिकवरी एजेंट बनकर एक युवक की बाइक लूट ली। युवक ने परिचय पत्र मांगते हुए बदमाशों का विरोध किया तो पिस्टल के बट से उसका सिर फोड़ दिया। वो गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद बदमाश बाइक लूटकर फरार हो गए। युवक ने घटना की जानकारी अपने भाई को दी। पुलिस मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है। रामबाग कालोनी जाहिरा बाग निवासी संयोग कुमार मिश्रा ने बताया कि उनके भाई संजय मिश्रा शनिवार सुबह 9 बजे बाइक यूपी 46 क्यू 6678 से पेटीएम ऑफिस विभूति खण्ड जा रहे थे। पालिटेक्निक चौराहे के पास वेब माल के समीप दो बाइक पर सवार लोगों ने उन्हें ठोकर मार दी। गाड़ी की टक्कर से उनके भाई गिरने से बच गए, तभी सुशील कुमार जायसवाल नाम के व्यक्ति ने हेलमेट से भाई के सिर पर मारा। जिससे वह जमीन पर गिर गया। सुशील के अन्य साथी मोहित, सचिन और अन्य लोगों ने सोने की चेन, पर्स, 15 हजार 700 रुपए लूट लिए।

## गाजियाबाद में कोरोना के 2 नए केस मिले

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में आज 1 जून को कोरोना के 2 नए केस सामने हैं। जिले में कोरोना के केस की संख्या 29 पहुंच गई है, इनमें से 18 एक्टिव केस हैं। 3 मरीज निजी अस्पताल में भर्ती हैं। 15 होम आइसोलेशन में हैं। 11 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। सीएमओ डॉ अखिलेश मोहन के अनुसार, वसुंधरा निवासी 80 वर्षीय बुजुर्ग कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। उन्हें पिछले तीन दिन से फीवर व जुकाम की समस्या थी, जिनकी आज कोविड पॉजिटिव रिपोर्ट आई है। शहर के रजापुर निवासी 8 वर्षीय बच्चा भी कोरोना पॉजिटिव मिला है। इस बच्चे का शहर के एक निजी अस्पताल में टीवी का इलाज चल रहा है। सीएमओ का कहना है जो कोरोना पॉजिटिव लोग मिल रहे हैं उनके आसपास और उनके संपर्क वाले सभी लोगों की जांच कराई जा रही है। साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि पॉजिटिव व्यक्तियों के संपर्क वालों की अधिक से अधिक जांच की जाए।

## औरैया में होमगार्ड की बेटी ने की आत्महत्या

**औरैया।** उत्तर प्रदेश में सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 17 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना रविवार सुबह की है, जब होमगार्ड की पुत्री ने घर में लगे पंखे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। घटना के समय किशोरी के पिता ड्यूटी पर थे। मां मवेशियों की देखभाल में व्यस्त थी। परिवार के अन्य सदस्य भी अपने-अपने कामों में लगे थे। जब मां काम से लौटीं तो उन्होंने बेटी को फांसी पर लटका देखा। पुलिस जांच में सामने आया कि करीब तीन महीने पहले गांव का एक युवक किशोरी को बहला-फुसलाकर ले गया था। पिता की शिकायत पर पुलिस ने किशोरी को बरामद कर परिवार को सौंप दिया था और आरोपी को जेल भेज दिया था। दो दिन पहले ही आरोपी जमानत पर जेल से बाहर आया था। वह होमगार्ड के घर के पास से गुजर रहा था, तब किशोरी के भाई ने उसे रोका और घर के आसपास न आने की चेतावनी दी। परिवार वाले इस प्रकरण को लेकर पहले से ही किशोरी को डांट रहे थे।

## लखनऊ में दवा व्यापारी के घर लाखों की चोरी

**लखनऊ।** लखनऊ के कृष्णानगर इलाके में चोरों ने दो घरों में चोरी की। परिवार सामान खरीदने बाजार गया था। इस दौरान घर की ग्रिल काटकर लाखों के जेवर व नगदी लेकर चले गए। सीसीटीवी कैमरे में दो चोर बाइक से आते दिखे हैं। चोरी के बाद बाइक वहीं छोड़कर चले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शुभम सिटी पंडित खेड़ा कृष्णानगर निवासी इंद्रपाल सिंह दवा कारोबारी हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार शाम करीब 7 बजे परिवार के साथ बाजार गए थे। वहां से करीब 11.50 बजे वापस लौटे, तो घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। घर की वेंटिलेशन जाली टूटी हुई थी। घर में रखा 80 हजार नगद व तीन लाख की ज्वैलरी गायब थी। इंद्रपाल सिंह ने बताया कि चोर पहले उनके बगल में बने दूसरे घर में घुसे। वहां पर उन्हें कुछ नहीं मिला, तो ग्रिल काटकर छत के रास्ते उनके घर में घुस गए। लाखों का सामान पार कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

## अयोध्या में 5 निजी अस्पतालों पर कार्रवाई

**अयोध्या।** अयोध्या जिले के ब्लॉक रूदौली में प्राइवेट अस्पतालों और नर्सिंग होम की गुणवत्ता और नियमों के पालन को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील कुमार बालियान के नेतृत्व में एक व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान अली हॉस्पिटल, रेयांश मेडिकल सेंटर, जनता हॉस्पिटल, यशोदा हॉस्पिटल और एडवांस सिटी हॉस्पिटल में गंभीर खामियां पाई गईं, जिसके परिणामस्वरूप इनके ऑपरेशन कक्ष और लेबर रूम को सील कर दिया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पाया कि इन अस्पतालों में बायो-मेडिकल वेस्ट के निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं थी, जो स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है। इसके अलावा, इन अस्पतालों में न तो कोई एमबीबीएस योग्यता वाला डॉक्टर तैनात था और न ही प्रशिक्षित स्टाफ नर्स मौजूद थी। यह स्थिति मरीजों की सुरक्षा और उपचार की गुणवत्ता के लिए बेहद चिंताजनक है। सबसे गंभीर मामला यह सामने आया कि इन अस्पतालों में गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी का जिम्मा केवल ऑक्जिलरी नर्स मिडवाइफ (एएनएम) को सौंपा जा रहा था, जो कि स्वास्थ्य मंत्रालय के मानकों का स्पष्ट उल्लंघन है।

# 13 साल के भारतीय-अमेरिकी फैजान ने जीती स्पेल बी प्रतियोगिता

## भारतीय मूल का दबदबा बरकरार, लगातार चौथी बार बने चैम्पियन



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका की सबसे कठिन मानी जाने वाली प्रतियोगिता 'स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी' का खिताब 13 साल के भारतीय-अमेरिकी छात्र फैजान जकी ने जीत लिया है। फ्रेंच शब्द एक्लेयरसिसमेंट का सही उच्चारण करके उन्होंने खिताब अपने नाम किया। एक्लेयरसिसमेंट एक फ्रांसीसी शब्द है जिसका मतलब है, किसी चीज को स्पष्ट करना या समझ में लाना। पिछले साल फैजान इस प्रतियोगिता में दूसरे नंबर पर रहे थे। तब वह टाईब्रेकर में ब्रुहत सोमा से हार गए थे। फैजान 5वें ऐसे प्रतिभागी हैं,जिन्होंने रनर-अप रहने के अगले साल खिताब जीता। 2001 में सीन कॉनले के बाद ऐसा पहली बार हुआ है। स्पेलिंग बी में प्राइमरी और सेंकेंडरी स्कूलों के छात्र हिस्सा लेते हैं। यह शब्दों के सही स्पेलिंग बताने से जुड़ी प्रतियोगिता है। जीत के बाद मिले 45 लाख रुपए फैजान को इनाम के तौर पर 52,500 डॉलर ( करीब 45 लाख रु. ) मिले हैं। पिछले साल उन्होंने 25,000 डॉलर (21.29 लाख रुपए) जीते थे, जिससे अब उनकी कुल इनामी राशि 77,500 डॉलर (66.31 लाख रुपए) हो गई है। आखिर में मुकाबला तीन लोगों के बीच था- फैजान, 11 साल के सर्व धरावने और 14 साल की सर्वदन्या कदम। एक और राउंड के बाद सिर्फ फैजान और सर्वदन्या बचे। इसके बाद फैजान ने 'एक्लेयरसिसमेंट' शब्द की सही स्पेलिंग बताई और जीत गए। उन्होंने जैसे ही सही स्पेलिंग बोली, खुशी से अपनी मुट्ठियां पीटीं और मंच पर गिर पड़े। फैजान ने इस बार 21 राउंड तक लगातार सही स्पेल किया और जीत हासिल की। जीत के बाद फैजान ने कहा- मैं जब नर्वस होता हूं, तो खुद से कहता हूं, मैं यह शब्द जानता हूं, कुछ भी कर सकता हूं। खुद से बातचीत मुझमें जोश भर देती है...प्रदर्शन बेहतर हो पाता है। चौथी कक्षा तक, जीतने का कोई इरादा नहीं था। सोचा था... बस मौज-मस्ती के लिए जाऊंगा, पर स्पेलिंग के जुनून में मुझे इस ऊंचाई तक पहुंचा दिया। रोजाना 6 घंटे प्रैक्टिस फैजान ने पहली बार 7 साल की उम्र में स्पेल बी में हिस्सा लिया था। 2023 में वह वोकैब राउंड में बाहर हो गया था। इस बार तैयारी में बदलाव किया। 30 शब्दों की साझा सूची से ज्यादा से ज्यादा शब्द याद ?किए और 90 सेकंड में ज्यादा शब्द स्पेल करने की प्रैक्टिस की। स्पीड प्रैक्टिस को भी दिनचर्या में शामिल किया। सालभर में अपनी दिनचर्या पूरी तरह से स्पेलिंग बी के लिए समर्पित कर दी थी। वह रोजाना 6 घंटे प्रैक्टिस करता था। हर दिन नए शब्द पढ़ना, उनकी स्पेलिंग व अर्थ समझना और उन्हें बार-बार दोहराना उसकी आदत बन गई थी। इस जोरदार प्रैक्टिस का नतीजा यह रहा कि फाइनल में बिना हिचकिचाहट के विजयी शब्द को सही स्पेल कर सका।

**डिक्शनरी का हर कोना पता :** फैजान को गाइड करने वाले स्कॉट रेमर, सैम इवांस और सोहम सुखांतंकर हैरान थे कि मंच पर वह रोबोटिक नहीं बना। सहजता व मजे के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कोच सैम इवांस ने कहा,'स्पेलिंग्स को लेकर उसकी दीवानगी देखते बनती है।' पिता अनवर कहते हैं, उसे डिक्शनरी का हर कोना पता है। मां अर्शिया कहती हैं, फैजान ने 2 साल की उम्र में पढ़ना शुरू कर दिया था। 3 साल की उम्र में दुनिया के देश और उनकी राजधानियों के नाम याद कर लिए थे। अर्शिया कहती हैं, वह कभी-कभी जल्दबाजी करता है, इसलिए डर था। पर इस बार दबाव अच्छी तरह हैंडल किया। दोस्त बोले- उसे अवार्ड की कोई चिंता नहीं थी फैजान के दोस्त और पिछली बार उसे हराने वाले सोमा ने कहा- मुझे नहीं लगता कि उसे खिताब की उतनी परवाह है, जितनी भाषा व शब्दों के लिए दीवानगी है। खाली वक्त में भी, जब वह तैयारी नहीं कर रहा होता... तो पुराने, अप्रचलित शब्दों को खोजता है, जिनके पूछे जाने की कोई संभावना नहीं है। यही बात उसे बाकी लोगों से अलग करती है। 2022 में हरिनी लोगन ने प्रतियोगिता जीती थी। 2023 में देव शाह और 2024 में ब्रुहत सोमा विजयी रहे। 2025 में फैजान ने यह परंपरा जारी रखी। पहले रनरअप सर्वदन्य कदम और दूसरे सर्व धरावने रहे। इस मुश्किल प्रतियोगिता में पिछली 36 में से 30 बार भारतीय मूल के बच्चे ही विजयी रहे हैं। यह जीत इसलिए भी खास है क्योंकि स्पेल बी का यह 100वां संस्करण था। नेशनल स्पेलिंग बी प्रतियोगिता की शुरुआत 1925 में की गई थी। स्क्रिप्स के मुताबिक, पहली प्रतियोगिता 1925 में वाशिंगटन, डीसी में आयोजित की गई थी और इसमें सिर्फ नौ बच्चों ने भाग लिया था। ग्यारह साल के फ्रैंक न्यूहॉसर को जीते के तौर पर 500 डॉलर के सोने के सिक्के दिए गए। बालू नटराजन नाम के पहले भारतवंशी छात्र ने 1985 में इस खिताब को जीता था। इसके बाद रागेश्री रामचंद्रन ने 1988 में जीत हासिल की। अबतक भारतीय मूल के 29 बच्चों ने प्रतियोगिता में जीत हासिल की है। 1999 में नुपूर लाला के जीतने के बाद से सिर्फ पांच बार (2001, 2004, 2006, 2007, 2014, 2019, 2021) ऐसा हुआ जब भारतीय मूल के छात्र यह ट्रॉफी नहीं जीत पाए हैं।

# पूर्व जापानी पीएम की पत्नी से मिल कैमरे पर इमोशनल हुए राष्ट्रपति पुतिन

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की पत्नी अकी आबे के साथ मुलाकात के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का एक अलग ही चेहरा सामने आया है जिसमें वो बेहद भावुक नजर आ रहे हैं. राष्ट्रपति पुतिन के अच्छे दोस्त शिंजो आबे की जुलाई 2022 में चुनावी भाषण के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. पति की हत्या के बाद अकी आबे पहली बार रूस अकेले पहुंची जहां अपने पति को याद कर रूसी राष्ट्रपति पुतिन के सामने उनके आंसू नहीं रुक रहे थे. पुतिन और अकी आबे की मुलाकात का एक वीडियो सामने आया है जिसमें रूसी राष्ट्रपति गुलाबी फूलों का बुके देकर उनका स्वागत कर रहे हैं. आबे से मुलाकात के दौरान पुतिन कह रहे हैं, मिस आबे, आपको यहां देखकर खुशी हुई. मुझे याद है, आपके पति जब भी रूस के आधिकारिक दौरे पर आते थे, आप उनके साथ होती थीं. 2019 में हुई हमारी मुलाकात मुझे याद है. शिंजो आबे को याद करते हुए पुतिन ने आगे कहा, रूस और जापान के रिश्तों को आगे ले जाने में आपके पति ने बहुत योगदान दिया. और मेरे उनके साथ बेहद अच्छे व्यक्तिगत रिश्ते थे. उनके बुलावे पर जापान यात्रा की मेरी यादें भी हैं. मैंने देखा कि वो रूस-जापान सहयोग को पूरी तरह बहाल करने के लिए तत्पर थे और उन्होंने इसके लिए बहुत कुछ किया भी. उनके कुछ हद तक अपने परिवार के रिवाज को आगे बढ़ाया क्योंकि उनके पिता भी जब 1980 के दशक में विदेश मंत्री थे तब रूस-जापान रिश्तों से वो यही चाहते थे. पुतिन ने रुंधे गले से आगे कहा कि एक आतंकवादी कृत्य ने उनके जीवन को छोटा कर दिया लेकिन उनकी याद, उनके काम रूस में संरक्षित हैं और मैं आपको यहां देखकर खुश हूं. जब राष्ट्रपति पुतिन बोल रहे थे तब अकी आबे अपने पति की याद में लगातार रोती दिखीं. शिंजो आबे जापान के सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाले प्रधानमंत्री थे. 8 जुलाई 2022 को वो जापान के नारा शहर में चुनावी भाषण दे रहे थे. तभी एक शख्स ने उन्हें गोली मार दी. आबे को दो गोलियां लगीं और अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया था. रूस के सरकारी ब्रॉडकास्टर आरटी ने एक और वीडियो जारी किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सूडान के तीन शहरों पर अर्धसैनिक बलों के हमलों में 26 नागरिकों की मौत

**खार्तूम , एजेंसी।** सूडान सरकार ने घोषणा की है कि सूडान के पश्चिमी कोर्डोफान क्षेत्र के तीन शहरों पर अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के हमलों में कम से कम 26 नागरिक मारे गए। सूडान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, हाल के कुछ घंटों में, आरएसएफ मिलिशिया ने जानबूझकर नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाया है और निर्दोष लोगों की जान ली है। मंत्रालय ने कहा, शुक्रवार को मिलिशिया ने अल-ओबेद शहर में अल-दमन अस्पताल को निशाना बनाया, जिसमें उपचार करा रहे 16 मरीजों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। मंत्रालय ने आगे कहा, बुधवार को मिलिशिया ने अल-खिवाई शहर में एक सार्वजनिक बाजार पर भी ड्रोन से हमला किया, जिसमें आठ नागरिक मारे गए। बयान में कहा गया कि आरएसएफ ने दक्षिण कोर्डोफान के अल-दीबाईबात कस्बे में एक आवासीय क्षेत्र को भी निशाना बनाया, जिसमें दो नागरिकों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, मंत्रालय ने आरएसएफ के हमलों की निंदा करते हुए कहा कि इन हमलों का एकमात्र उद्देश्य अधिकतम नागरिकों को क्षति पहुंचाना था। इन हमलों में नागरिकों, मानवीय संगठनों, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और आवश्यक सेवाओं को टारगेट किया गया। बयान में आगे आरएसएफ पर गुरुवार को उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी एल-फशर में विश्व खाद्य कार्यक्रम के गोदामों पर बमबारी करने और उनमें आग लगाने का आरोप लगाया, जिससे बड़ी मात्रा में खाद्य आपूर्ति नष्ट हो गई। सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और आरएसएफ के बीच सशस्त्र संघर्ष कोर्डोफान क्षेत्र में तेज हो गया है, जिसमें उत्तर, पश्चिम और दक्षिण कोर्डोफान राज्य शामिल हैं। गुरुवार को आरएसएफ ने दक्षिण कोर्डोफान में अल-दीबात और पश्चिम कोर्डोफन में अल-खिवाई कस्बों पर नियंत्रण का दावा किया। सूडानी सेना ने अभी तक इस दावे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अप्रैल 2023 से सूडान एसएएफ और आरएसएफ के बीच संघर्ष में उलझा हुआ है। इस युद्ध में हजारों लोग मारे गए हैं और लाखों लोगों को सूडान के भीतर और उसकी सीमाओं के पार अपने घरों से भागने पर मजबूर होना पड़ा है।

### अपने पूर्व के बयान से पलटा सीडीसी, बच्चों-गर्भवती महिलाओं को कोरोना वैक्सीन लेने की अनिवार्यता खत्म की

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सरकार ने बच्चों और गर्भवती महिलाओं को कोरोना वैक्सीन लेने की सलाह फिर से जारी की है। हालांकि बीते हफ्ते जो सलाह जारी की गई थी, उसके मुताबिक बच्चों और गर्भवती महिलाओं को अनिवार्य रूप से कोरोना वैक्सीन लेने की सलाह दी गई थी, लेकिन अब जो एडवाइजरी जारी हुई है, उसके मुताबिक अनिवार्यता की शर्त हटा ली गई है और लोगों के विवेक पर वैक्सीन लेने का फैसला छोड़ा गया है। यह बदलाव अमेरिका के स्वास्थ्य मंत्री रॉबर्ट एफ केनेडी जूनियर के हालिया एलान के बाद हुआ है, जिसमें केनेडी ने कहा कि कोरोना वैक्सीन लेने की सलाह महिलाओं और 18 साल से कम उम्र के बच्चों को नहीं दी जाती है। केनेडी के एलान के बाद सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन की वेबसाइट पर भी सख्त भाषा को थोड़ा लचीला किया गया है और वैक्सीन लेनी है की बजाय वैक्सीन ले सकते हैं किया गया है। गर्भवती महिलाओं को कोरोना से खतरा ज्यादा है। बच्चों के लिए भी कोरोना संक्रमण को खतरनाक माना जाता है क्योंकि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। हालांकि पिछली महामारी के दौरान बच्चों में कोरोना के मामले औसतन कम देखे गए थे। सीडीसी की सलाह में कहा गया है कि माता-पिता डॉक्टरों की सलाह के बाद बच्चों को कोरोना वैक्सीन दिला सकते हैं। गर्भवती महिलाओं को भी वैक्सीन देने से पहले विशेषज्ञ की सलाह लेने की अपील की गई है। सीडीसी की सलाह अमेरिकन एकेडमी ऑफ फैमिली फिजिशियन्स और अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स की सलाह के विपरीत है, जिन्होंने बच्चों और गर्भवती महिलाओं को कोरोना वैक्सीन देने की सलाह दी है और उनका कहना है कि यह पूरी तरह से सुरक्षित है।

### चीन ने दर्जनों देशों के साथ मिलकर नया वैश्विक मध्यस्थता समूह बनाया

**हांगकांग , एजेंसी।** मध्यस्थता-आधारित अंतरराष्ट्रीय विवाद समाधान समूह की स्थापना की चीन की कवायद में शुक्रवार को 30 से अधिक देश शामिल हुए। चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बाद, पाकिस्तान और इंडोनेशिया से लेकर बेलारूस और क्यूबा तक के 30 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने हांगकांग में 'अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता संगठन की स्थापना संधि' पर हस्ताक्षर किए, जिससे वे इस वैश्विक संगठन के संस्थापक सदस्य बन गए। विकासशील देशों का यह समर्थन उस वक्त 'ग्लोबल साउथ' में चीन के बढ़ते प्रभाव का संकेत देता है, जब भू-राजनीतिक तनाव अपने चरम पर हैं और इनमें आंशिक रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए व्यापार शुल्क ने भी अहम भूमिका निभाई है। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आमतौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। वांग ने एक समारोह में कहा कि चीन लंबे समय से आपसी समझ की भावना से मतभेदों को निपटाने और बातचीत के माध्यम से आम सहमति बनाने की वकालत करता रहा है, साथ ही उसका लक्ष्य राष्ट्रों के बीच संघर्षों को सुलझाने के लिए 'चीनी प्रज्ञता' प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि हांगकांग में मुख्यालय वाले इस निकाय का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान को बढ़ावा देना तथा अधिक सामंजस्यपूर्ण वैश्विक संबंध बनाना है। बीजिंग ने इस संगठन को मध्यस्थता के माध्यम से विवादों को सुलझाने वाला दुनिया का पहला अंतर-सरकारी कानूनी संगठन बताया है।

# इजरायल ने हमास को चेतावनी दी, अमेरिका के गाजा युद्ध विराम समझौते को स्वीकार करे

**यरूशलम, एजेंसी।** इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज़ ने हमास को चेतावनी दी है कि वह गाजा युद्ध रोकने के लिए अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ द्वारा पेश किए गए समझौते को स्वीकार कर ले, नहीं तो उसे पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने मीडिया रिपोर्टों के हवाले से बताया कि स्टीव विटकॉफ के प्रस्ताव में गाजा में 60 दिनों के युद्धविराम के बदले दो चरणों में सौदा शामिल है। इसके तहत 10 ज़िंदा इजरायली बंधकों और 18 शवों को सौंपा जाएगा, जबकि इजरायल 1,236 फिलिस्तीनी कैदियों और 180 फिलिस्तीनियों के शव लौटाएगा। अपने कार्यालय से जारी एक बयान में रक्षा मंत्री कैट्ज ने कहा कि इजरायली सेना गाजा में पूरी ताकत से अभियान चला रही है। उन्होंने बताया कि हर इलाके में सैनिकों के प्रवेश की तैयारी के तहत, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जमीन, हवा और समुद्र से बड़े पैमाने पर हमले किए गए हैं। शुक्रवार को जारी एक बयान में इजरायली सेना ने कहा कि गुरुवार से उसकी वायु सेना ने जमीनी बलों के साथ मिलकर गाज़ा पट्टी में कई ठिकानों पर हमला किया है। इन हमलों में आतंकवादियों को मार गिराया गया और उनके हथियारों, ठिकानों और भूमिगत ढांचे को नष्ट कर दिया गया है।

# थरूर की सख्त आपत्ति से कोलंबिया को हुआ गलती का एहसास; वापस लिया पाकिस्तान को भेजा शोक संदेश

**बोगोटा, एजेंसी।** भारत के वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख और पाकिस्तान को बेनकाब करने के प्रयासों को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। कांग्रेस नेता शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने कोलंबिया में पाकिस्तान की पोल खोलकर रख दी। कोलंबिया ने पहले अपने बयान में पाकिस्तान में जानमाल के नुकसान पर सहानुभूति जताई थी, लेकिन शशि थरूर की ओर से आपत्ति जताए जाने के बाद उसने अपना बयान वापस ले लिया है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बोगोटा में गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कोलंबिया की स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारत को इस बात से निराशा हुई कि कोलंबिया सरकार ने पाकिस्तान में हुए नुकसान पर संवेदना जताई, जबकि उन्हें पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करनी चाहिए थी। शशि थरूर ने कहा कि हमें कोलंबिया सरकार की प्रतिक्रिया से थोड़ी निराशा हुई, जिन्होंने भारतीय हमलों के बाद पाकिस्तान में जानमाल के नुकसान पर हार्दिक संवेदना व्यक्त की, बजाय इसके कि वे आतंकवाद के पीड़ितों के प्रति सहानुभूति दिखाते। उन्होंने आगे कहा कि हम अपने कोलंबियाई मित्रों से कहना चाहते हैं कि आतंकवाद फैलाने वालों और उनसे लड़ने वालों के बीच कोई समानता नहीं हो सकती। हम सिर्फ आत्मरक्षा के अधिकार प्रयोग कर रहे हैं और अगर इस मुद्दे पर कोई गलतफहमी है, तो हम उसे दूर करने के लिए यहां हैं। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने कोलंबिया के उप विदेश मंत्री रोजा योलांडा विलाविसेनियो को भारत की स्थिति के बारे में बताया। इसके बाद कोलंबिया ने अपना पाकिस्तान के समर्थन में दिया गया बयान वापस ले लिया। भारत की स्थिति समझने के लिए कोलंबिया के रुख की सराहना करते हुए थरूर ने कहा कि उप विदेश मंत्री ने बहुत गरिमापूर्वक कहा कि उन्होंने वह बयान वापस ले लिया है, जिसे लेकर हमें चिंता थी, और अब वे हमारे रुख को पूरी तरह समझते हैं, जिसे हम बहुत महत्व देते हैं। थरूर ने ट्वीट कर कहा, आज का दिन उप विदेश मंत्री रोजा योलेन्डा विलाविसेन्सियो और एशिया-प्रशांत मामलों से जुड़े उनके वरिष्ठ सहयोगियों के साथ एक उत्कृष्ट बैठक से शुरू हुआ। मैंने हालिया घटनाओं पर भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट किया और 8 मई को पाकिस्तान के प्रति संवेदना व्यक्त करने वाले बयान पर निराशा जताई। मंत्री ने आश्वस्त किया कि वह बयान वापस ले लिया गया है और अब भारत की स्थिति को ठीक से समझा और मजबूती से समर्थन किया गया है। शशि थरूर ने कहा कि हम ब्रिक्स के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देते हैं, जिसके हम संस्थापक सदस्य हैं।



# अमेरिका बोला-एशिया का संतुलन बिगाड़ने की तैयारी कर रहा चीन, ताइवान पर 2027 तक हमला कर सकता है

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि अगर चीन ने जबरदस्ती ताइवान पर कब्जा करने की कोशिश की, तो इसका असर इंडो-पैसेफिक क्षेत्र और पूरी दुनिया पर पर बहुत बुरा होगा। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक हेगसेथ ने सिंगापुर में चल रही शांगरी-ला डायलॉग में कहा कि चीन एशिया में ताकत का संतुलन बिगाड़ने की तैयारी कर रहा है। रक्षा मंत्री ने चीन पर साइबर हमलों, अपने पड़ोसियों को डराने और दक्षिण चीन सागर में अवैध कब्जा करने जैसे गंभीर आरोप लगाए। हेगसेथ ने ये भी कहा कि चीन लगातार ताइवान के आसपास सैन्य अभ्यास कर रहा है, जो किसी बड़े हमले की तैयारी लगती है। हेगसेथ ने कहा कि चीन का खतरा असली है और ये कभी भी सामने आ सकता है। उन्होंने दावा किया कि चीन का मकसद 2027 तक ताइवान पर कब्जा करने का है। अमेरिका और उसके सहयोगी देश चीन की आक्रामकता का मिलकर मुकाबला करेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्री बोले- हम यहां लंबे समय के लिए आए हैं अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन चीन को रोकने के लिए व्यापार और रक्षा दोनों मोर्चों पर काम कर रहा है। हेगसेथ ने कहा- हम इस क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा चाहते हैं और हम यहां लंबे समय तक बने रहने के लिए आए हैं। हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका अपने इंडो-पैसिफिक सहयोगियों के साथ मिलकर काम कर रहा है और उनकी मदद से अमेरिका इस क्षेत्र पर ज्यादा ध्यान दे सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगियों की सुरक्षा और खुशहाली एक-दूसरे से जुड़ी हुई है। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा कि ट्रम्प यूरोप के देशों को अपनी सुरक्षा के लिए ज्यादा जिम्मेदारी लेने को कह रहे हैं, जिससे अमेरिका इंडो-पैसिफिक पर ज्यादा संसाधन लगा सके। इससे अमेरिका की मजबूत मौजूदगी से सभी को फायदा मिलेगा, लेकिन ये तभी होगा जब सभी सहयोगी देश भी मजबूत होंगे। उन्होंने ये भी याद दिलाया कि राष्ट्रपति ट्रम्प के कार्यकाल में चीन ने ताइवान पर हमला नहीं किया, और ट्रम्प का मकसद भी यही है कि युद्ध न हो। शांगरी-लॉ डायलॉग का उद्घाटन पर अपने भाषण में फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों ने यूरोप और एशिया के देशों से अपील की कि वे उन ताकतों के खिलाफ एकजुट हों जो जबरदस्ती और दबाव के जरिये अपने प्रभाव का विस्तार करना चाहती हैं। उन्होंने चीन और रूस का नाम तो नहीं लिया, लेकिन उनका इशारा साफ था। मैक्रों ने कहा कि कुछ देश दुनिया में ऐसे इलाके बनाना चाहते हैं जहां सिर्फ उन्हीं का दबदबा हो। वे समुद्र, द्वीपों और संसाधनों पर कब्जा करना चाहते हैं और दूसरों को बाहर कर देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ये देश यूरोप के आस-पास से लेकर दक्षिण चीन सागर तक अपना प्रभाव फैलाना चाहते हैं। मैक्रों ने चेतावनी दी कि अगर रूस को यूक्रेन पर हमला करके उसका हिस्सा हथियाने दिया गया।



# न्यूयॉर्क ने स्कूल के शुभंकर पर लगाया प्रतिबंध, ट्रंप के शिक्षा सचिव ने दी फंडिंग वापस लेने की धमकी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** न्यूयॉर्क ने एक स्कूल के मूल अमेरिकी शुभंकर (मैस्कॉट) पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसे लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शीर्ष शिक्षा अधिकारी ने न्यूयॉर्क को फंडिंग रोकने की धमकी दी है। अमेरिकी शिक्षा सचिव लिंडा मैकमोहन ने कहा कि न्यूयॉर्क उस स्कूल से भेदभाव कर रहा है जिसने अपने मूल अमेरिकी मुख्य शुभंकर से छुटकारा पाने से इनकार कर दिया है। इससे उसे न्याय विभाग की जांच का सामना करना पड़ सकता है या फंडिंग खोने का जोखिम उठाना पड़ सकता है। लॉन्ग आइलैंड के मैसेपेक्वा हाईस्कूल के दौरे पर गए अमेरिकी शिक्षा सचिव लिंडा मैकमोहन ने कहा कि हमारी एजेंसी की जांच से पता चला है कि राज्य के शिक्षा अधिकारियों ने राज्यव्यापी स्तर पर मूल अमेरिकी शुभंकर और लोगो के उपयोग पर प्रतिबंध लगाकर संघीय नागरिक अधिकार कानून का उल्लंघन किया है। विभाग के नागरिक अधिकार कार्यालय ने राज्य के प्रतिबंध को भेदभावपूर्ण बताया। क्योंकि हाल ही में अन्य नस्लीय या जातीय समूह जैसे डचमैन और ह्यूगनॉट्स से प्राप्त नाम और शुभंकर को अभी भी अनुमति दी गई है। मैकमोहन ने मैसेपेक्वा के प्रमुख शुभंकर को मूल अमेरिकी नेतृत्व का एक अविश्वसनीय प्रतिनिधित्व बताया। वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट (डब्ल्यूडब्ल्यूई) के पूर्व सीईओ ने कहा कि जब राज्य के नेता मूल अमेरिकी जनजातियों के इतिहास और संस्कृति को खत्म करने का प्रयास कर रहे हैं, तो ट्रंप प्रशासन चुप नहीं बैठेगा। मैकमोहन ने कहा कि उनका विभाग राज्य को मूल अमेरिकी शुभंकर पर प्रतिबंध हटाने तथा मूल अमेरिकियों के साथ भेदभाव करने और उनके इतिहास को मिटाने का प्रयास करने के लिए उनसे माफी मांगने के समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए 10 दिन का समय देगा। शिक्षा सचिव का दौरा राजनीतिक नाटक न्यूयॉर्क शिक्षा विभाग के प्रवक्ता जेपी ओ हारे ने शिक्षा सचिव के दौरे को राजनीतिक नाटक करार दिया। उन्होंने कहा कि स्कूल जिला अपने छात्रों की चिंताओं के बारे में स्थानीय जनजातियों से परामर्श करने से इनकार करके उनके साथ गंभीर अन्याय कर रहा है। ये प्रतिनिधि उन्हें बताएंगे कि कुछ मूल अमेरिकी नाम और चित्र नकारात्मक रूढ़िवादिता को बढ़ावा देते हैं और बच्चों के लिए स्पष्ट रूप से हानिकारक हैं। मैसेपेक्वा निवासी और चिकासॉ राष्ट्र के सदस्य एडम ड्रेक्सलर ने कहा कि मूल अमेरिकी संरक्षक संघ के प्रतिनिधि, जिन्होंने शुभंकर को बनाए रखने के लिए समर्थन व्यक्त किया था।



# पाकिस्तान-तालिबान में सीमा विवाद को लेकर भिड़ंतन्ढाई लाख लोगों को घर छोड़ने का आदेश

**काबुल/इस्लामाबाद, एजेंसी।** अफगानिस्तान के हेलमंद प्रांत में स्थित बहराम चह, जो पाकिस्तान के चगई जिले से सटा एक सीमावर्ती कस्बा है, फिर सशस्त्र संघर्ष का केंद्र बन गया है। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और तालिबान के बीच 3 फरवरी से शुरू हुई झड़पें अब तेज हो चुकी हैं। हालिया विवाद तब शुरू हुआ, जब तालिबान ने अपनी सीमा को सुरक्षित करने के लिए नई चौकी बनाने की कोशिश की। इसे पाकिस्तानी बलों ने समझौते का उल्लंघन बताते हुए गोलीबारी शुरू कर दी। जवाब में, तालिबान ने पाकिस्तान के चेकपोस्ट पर हमला बोला। मोर्टार दागने से चेकपोस्ट ध्वस्त हो गया।

इस बढ़ते संघर्ष के चलते चगई जिले के ढाई लाख से ज्यादा लोगों को पाक की शहबाज सरकार ने तत्काल घर छोड़ने का आदेश ?दिया है। तालिबान ने भी अपने नागरिकों को क्षेत्र खाली करने को कहा है। इस स्थिति ने पहले से ही बिगड़े पाक-अफगान रिश्तों को और अधिक तनावपूर्ण बना दिया है। बहराम चह चेकपोस्ट डूरंड लाइन पर स्थित है। यह नशीले पदार्थों की तस्करी, हथियारों की आवाजाही और विद्रोही गतिविधियों के लिए एक अहम गलियारा माना जाता है। इसके अलावा यह चगई और हेलमंद के बीच सैन्य गतिविधियों को भी नियंत्रित करता है। पाकिस्तानी सेना के लिए इसका नष्ट होना संकट पैदा कर सकता है।

**तालिबान ने आत्मघाती दस्ता और पाक ने फ्रंटियर कोर तैनात की :** अफगानिस्तान और तालिबान दोनों ने अब सैन्य तैयारियों को तेज कर दिया है। तालिबान ने कंधार की 205वीं कोर को तैनात किया है, जिसमें 50 आत्मघाती हमलावरों का दस्ता भी शामिल है। ये दस्ते पाकिस्तानी बलों पर हमले के लिए तैयार हैं, जिससे स्थिति और खतरनाक हो गई है। पाकिस्तान ने भी तालिबान के टक्कर देने के लिए अपनी सीमा पर फ्रंटियर कोर बलूचिस्तान को मजबूत किया और टैंक तैनात किए हैं। आम लोग डर के साए में जी रहे हैं। इसकी बड़ी वजह पाकिस्तानी सेना का सीमा छोड़कर पीछे हटना है। पाकिस्तान प्रशासन ने स्कूल, कॉलेज और अन्य सार्वजनिक स्थानों को बंद कर दिया है और अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखा है। स्थानीय अपनी सुरक्षा के लिए बम शेल्टर की तलाश कर रहे हैं। यह स्थिति 2023 के डेरा इस्माइल खान आत्मघाती हमले की पुनरावृत्ति जैसी लग रही है, जब तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान ने सेना को निशाना बनाया था। पाक सेना चार से ज्यादा चौकियां छोड़कर भाग खड़ी हुई तालिबान से भिड़ंत के बाद पाक सेना अपनी चार चौकियां छोड़कर भाग खड़ी हुई है। इनमें तीन चौकियां बहराम चह के आसपास स्थित हैं। यहां मोर्टार हमलों के बाद पाक सेना पीछे हटी है। वहीं गोंशोरो पास चेकपोस्ट को भी पाक सेना छोड़कर कर पीछे हट गई है। बता दें कि भिड़ंत वाला जिला चगई, पाक के सबसे बड़े प्रांत बलूचिस्तान में स्थित है। बलूचिस्तान का यह सबसे बड़ा जिला जिला अफगानिस्तान के अलावा ईरान की सीमा से सटा होने से काफी अहम है। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि जल्द ही कोई राजनयिक समाधान नहीं निकाला गया।



# बुमराह ने वर्कलोड और जिंदगी को लेकर कही दिल की बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने हाल ही में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क के पॉडकास्ट 'बियॉन्ड 23' में अपने करियर, फिटनेस, पारिवारिक जीवन और वर्कलोड मैनेजमेंट को लेकर खुलकर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने साफ कहा कि उनके लिए क्रिकेट से ज्यादा उनका परिवार अहम है। बुमराह ने कहा, 'मेरे लिए परिवार मेरे करियर से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है क्योंकि यह एक स्थायी रिश्ता है। मैं दो चीजों को बेहद गंभीरता से लेता हूं एक है मेरा परिवार और दूसरा मेरा खेल, लेकिन इनमें भी परिवार पहले आता है।' उन्होंने आगे बताया कि उनके बेटे ने अभी से गेंद से खेलना शुरू कर दिया है, हालांकि यह समय इसके लिए उपयुक्त नहीं है।

बुमराह की इस बातचीत के पीछे की एक अहम वजह हालिया चयन विवाद भी है। इंग्लैंड दौरे के लिए उन्हें कप्तानी का प्रबल दावेदार माना जा रहा था, लेकिन फिटनेस और वर्कलोड मैनेजमेंट को ध्यान में रखते हुए चयनकर्ताओं ने शुभमन गिल को कप्तान बनाने का फैसला किया। चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने स्क्वॉड की घोषणा के समय यह स्पष्ट किया था कि बुमराह पांचों टेस्ट नहीं खेलेंगे। अपनी फिटनेस को लेकर बुमराह ने कहा, 'किसी भी खिलाड़ी के लिए लंबे समय तक लगातार खेलते रहना मुश्किल होता है। मैंने यह लंबे समय तक किया है, लेकिन अब यह समझना जरूरी हो गया है कि शरीर किस दिशा में जा रहा है और कौन सा टूर्नामेंट अहम है। आपको स्मार्ट होकर तय करना पड़ता है कि कहां खेलना है और कहां आराम करना है।' बुमराह ने यह भी कहा कि वह कभी भी आंकड़ों या लक्ष्यों के पीछे नहीं भागते, क्योंकि जब भी उन्होंने ऐसा किया, वह उन्हें पूरा नहीं कर पाए। उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा मैदान पर पूरी ताकत झोंकता हूं, लेकिन नंबर्स और रिकॉर्ड्स पर ध्यान नहीं देता। मेरा फोकस सिर्फ बेहतर क्रिकेट खेलने पर होता है।' बुमराह की यह सोच न केवल एक क्रिकेटर के रूप में उनकी परिपक्वता को दर्शाती है, बल्कि यह भी बताती है कि वह खेल और निजी जीवन के बीच संतुलन बनाने को कितना जरूरी मानते हैं।



# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शूटआउट में उरुग्वे को हराया, अब अर्जेंटीना से मुकाबला



**रोसारियो (अर्जेंटीना) (एजेंसी)।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट के अपने पांचवें मुकाबले में नियमित समय में 2-2 से ड्रा के बाद हुए शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराया। आज यहां खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम की उप-कप्तान हिना ने (10वें) और लालरिनपुई ने (24वें) मिनट में मैच की शुरुआत में गोल दागे।

गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने शूटआउट में गोलकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। भारत ने 10वें मिनट हिना के गोल से शानदार शुरु की, इसके बाद लालरिनपुई ने 24वें मिनट में गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। हाफटाइम तक भारत के पास 2-0 की बढ़त थी। उरुग्वे ने अंतिम क्वार्टर में इनेस डी पोसादास ने 54वें मिनट और इसके बाद मिलग्रोस सीगल ने 57वें मिनट बाद गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया।

इसके बाद मुकाबला शुटआउट में चला गया। शूटआउट में गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने भारत के लिए लगातार तीन गोल किए। उरुग्वे की टीम एक ही गोल कर सकी और मुकाबला 3-1 हार गई। भारत की अगले मुकाबले में मेजबान अर्जेंटीना से भिड़ेगी।

# क्या कप्तान बनते ही शुभमन गिल में आई अकड़?



**– नहीं मिलाया हार्दिक पंड्या से हाथ**

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 के एलिमिनेटर मुकाबले में कड़ी टक्कर देने के बावजूद गुजरात टाइटंस मुंबई इंडियंस को हराने में सफल नहीं हो पाए। मुंबई ने मुल्लांपुर में खेले गए इस मैच में गुजरात को 20 रनों से मात दी। 229 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात टाइटंस 6 विकेट खोकर 208 रन ही बना सकी। अब मुंबई का मुकाबला फाइनल में पंजाब किंग्स से होगा, जबकि गुजरात को अगली बार नई शुरुआत करनी होगी।

मगर इस मैच में टॉस के दौरान एक ऐसा घटनाक्रम हुआ, जिसने सोशल मीडिया पर खूब चर्चा बटोरी। गुजरात के कप्तान शुभमन गिल ने मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या से बिना हाथ मिलाए आगे बढ़ना पसंद किया। हार्दिक पंड्या ने हाथ मिलाने की कोशिश की, लेकिन शुभमन गिल ने उससे बचते हुए यह मौका अनदेखा कर दिया। इस नजारे की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई और फैंस के बीच अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आईं। इस घटना को लेकर कई यूजर्स ने गिल की आलोचना की, तो कुछ ने हार्दिक पंड्या के व्यवहार पर सवाल उठाए।

गौरतलब है कि दोनों खिलाड़ी पहले आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए खेलते थे। हार्दिक पंड्या गुजरात के कप्तान थे, लेकिन बाद में मुंबई इंडियंस में शामिल होने के बाद शुभमन गिल को गुजरात की कप्तानी सौंपी गई। वहीं, भारतीय क्रिकेट टीम अगले महीने इंग्लैंड के चुनौतीपूर्ण दौरे पर जाएगी। रोहित शर्मा ने सीरीज से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, जिसके बाद शुभमन गिल को टेस्ट टीम की कप्तानी मिली है। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 20 जून से शुरू होगी, जो 4 अगस्त को समाप्त होगी। इस बीच शुभमन गिल पर नए कर्तव्यों और दबावों का दायरा भी बढ़ गया है।

# साई सुदर्शन का काउंटी कनेक्शन, आजमाया आईपीएल 2025 में

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 में सबसे अधिक रन बनाने वाले गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज साई सुदर्शन ने अपनी बैटिंग के पीछे छिपे कई राज खोले हैं। सुदर्शन ने बताया कि उनकी बल्लेबाजी में इंग्लैंड में खेले गए काउंटी क्रिकेट का बड़ा योगदान है। काउंटी क्रिकेट के कुछ मैच खेलने के बाद उन्हें समझ आया कि बल्लेबाजी में बेसिक्स यानी बुनियादी तकनीक सबसे अहम होती है। इस अनुभव ने उन्हें इंग्लैंड के अपने पहले टेस्ट दौरे से पहले आत्मविश्वास भी दिया है।

आईपीएल 2025 में साई सुदर्शन ने 15 मैचों में 54.21 की औसत से कुल 759 रन बनाए और वे ऑरेंज कैप की दौड़ में सबसे आगे हैं। हालांकि, उनकी इस बेहतरीन फार्म के बावजूद गुजरात टाइटंस एलिमिनेटर मैच में मुंबई इंडियंस से हार गई और टूर्नामेंट से बाहर हो गई। अब सुदर्शन का फोकस भारतीय रेड बॉल क्रिकेट पर है। उन्होंने पिछले सीजन में इंग्लिश काउंटी टीम सरे के लिए भी कुछ मैच खेले थे, जिससे उनकी तकनीक में सुधार हुआ।

बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को छह जून से नॉर्थम्पटन में भारत ए और इंग्लैंड लायंस के बीच दूसरे मैच में खेलने की उम्मीद थी, लेकिन शेड्यूल में बदलाव के कारण यह कम हो गया है। भारतीय टेस्ट टीम छह जून को इंग्लैंड के लिए रवाना होगी। सुदर्शन ने कहा, 'काउंटी क्रिकेट में मैंने सात मैच खेले हैं, जिससे मेरी तकनीक और बुनियादी बातें बेहतर हुई हैं। मुझे एहसास हुआ कि बल्लेबाजी में बेसिक्स पर ध्यान देना कितना जरूरी है। अब मैं अपने अनुभवों से सीख लेकर और बेहतर बनना चाहता हूं।'

सुदर्शन ने स्वीकार किया कि वे लंबे समय से सीमित ओवरों की क्रिकेट खेल रहे हैं और टेस्ट क्रिकेट के लिए खुद को ढालना चुनौतीपूर्ण होगा। भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट 20 जून से शुरू होगा। उन्होंने कहा, 'तीन महीने के सफेद गेंद के क्रिकेट के बाद मेरी बल्लेबाजी में बदलाव हो सकते हैं, लेकिन टेस्ट की तैयारी के लिए हमारे पास पर्याप्त समय है। अब मेरा ध्यान केवल बेसिक्स पर रहेगा।' जब उनसे आईपीएल के बाद टी20 टीम में चुने जाने की उम्मीद के



बारे में पूछा गया तो सुदर्शन ने कहा, 'देश के लिए खेलना हर खिलाड़ी का सपना होता है, मैं भी ऐसा चाहता हूं, लेकिन फिलहाल मैं इस बारे में नहीं सोच रहा। मुझे अपने खेल में सुधार करना है और जब भी मौका मिलेगा, मैं देश के लिए बेहतर प्रदर्शन करना चाहूंगा।'

# रबाडा बोले, नशीली दवाओं के सेवन की गलती के लिए अपने को माफ नहीं करुंगा

नई दिल्ली । दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने कहा है कि वह नशीली दवाओं के सेवन के लिए शर्मिंदा हैं। नशीली दवाओं के सेवन के कारण ही रबाडा पर अप्रैल में एक माह का प्रतिबंध लगा दिया गया था। जिसके बाद रबाडा स्वदेश लौट गये थे। आईपीएल के दौरान ही उन्होंने अपनी गलती मान ली इस कारण उनपर लीग ने अपनी ओर से कोई प्रतिबंध नहीं लगाया। रबाडा ने कहा, 'मैं फिर से वापसी कर उत्साहित हूं। प्रतिबंध की इस प्रक्रिया को बहुत अच्छे से संभाला गया. मुझे लगता है कि एक खिलाड़ी और एक इंसान के तौर पर लोगों के अलग-अलग विचार होते हैं। मैं इसके साथ जी सकता हूं। कुछ लोग ऐसे भी हैं जो निराश हुए होंगे और मैं उन लोगों के लिए दुखी हूं। मेरे सबसे करीबी लोग वे हैं जिन्हें मैंने निराश किया पर जीवन इसी प्रकार आगे बढ़ता रहता है। रबाडा ने साथ ही कहा,' मैं अपनी इस गलती को कभी भी माफ नहीं करूंगा। कुछ लोग ऐसे हैं जो मेरे टीम के साथी हैं। मैंने उनसे पहले ही बात कर ली है और मुझे लगता है कि जब हम लंबे समय तक साथ मिलेंगे तो हम इस बारे में और विस्तार से बात कर सकते हैं।' प्रतिबंध के कारण ही गुजरात टाइटन्स टीम को उन्हें सत्र के बीच में ही छोड़ना पड़ा था हालांकि इसकी उनके स्वदेश लौटने की जानकारी तब हुई जब वह प्रतिबंध समाप्त करने के करीब थे। वह 11 से 15 जून तक लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले फाइनल मैच में खेलेंगे।

दक्षिण अफ्रीका टीम इस प्रकार है : टेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी ज़ोरज़ी, एडेन मार्करम, वियान मुल्डर, मार्को जेनसन, कागिसो रबाडा, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, कॉर्बिन बॉश, काइल वेरिन, डेविड बेडिंघम, ट्रिस्टन स्टब्स, रयान रिकेल्टन, सेनुरन मुथुसामी, डेन पैटरसन।

# रिंकू और सांसद प्रिया की सगाई 8 जून को होगी





मुम्बई । क्रिकेटर रिंकू सिंह शीघ्र ही शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। उनकी शादी उत्तरप्रदेश के मछलीशहर की सांसद प्रिया सरोज से इसी साल नवंबर में होगी। एक रिपोर्ट के अनुसार इन दोनो की सगाई इसी माह 8 जून को लखनऊ में होने वाली है। रिंकू भारतीय टी20 क्रिकेट टीम से खेलते हैं। वहीं प्रिया समाजवादी पार्टी की टिकट से सांसद हैं। ऐसे में शादी में क्रिकेटरों के साथ ही कई बड़े राजनेताओं ओर जानी मानी हस्तियों के शामिल होने की उम्मीद है। वहीं प्रिया पेशे से वकील हैं और 2024 के लोकसभा चुनाव में अपने पित की जगह पर उतरीं थीं। रिंकू और प्रिया दोनों एक दूसरे को पहले से ही जानते हैं। इन दोनो की शादी को लेकर इस साल की शुरुआत में सबसे पहले खबरें आयीं थीं पर तब इन दोनो ने ही उन्हें गलत बताया था।

# शुभमन गिल के लिए इंग्लैंड का दौरा कड़ी परीक्षा : सबा करीम



नई दिल्ली - पूर्व भारतीय चयनकर्ता सबा करीम का मानना ??है कि आगामी इंग्लैंड दौरा नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के लिए कड़ी परीक्षा जैसा होगा और कप्तान के रूप में उनकी सफलता उनके बल्लेबाजी प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को कप्तान नियुक्त करके भारत ने टेस्ट क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत की। करीम ने कहा, 'यह उनके लिए एक परीक्षा है। मुझे यकीन है कि वह इसके लिए तैयार हैं। उन्हें बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अगर वह ऐसा करने में सफल रहते हैं तो इससे उनकी कप्तानी पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।' इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज़ को पूरा विश्वास है कि भारत की युवा टीम इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन करके अनुकूल परिणाम हासिल करेगी। उन्होंने कहा, 'मुझे इस युवा भारतीय टीम से अच्छे नतीजों की उम्मीद है। मैच वास्तव में प्रतिस्पर्धी होंगे और मुझे लगता है कि भारतीय खिलाड़ी इसके लिए तैयार हैं।' '

# इंटर को 5-0 से रौंदकर पीएसजी ने जीता चैंपियंस लीग का खिताब

**म्यूनिख (एजेंसी)।** पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने डिजायर डोए के दो गोल की मदद से शनिवार को यहां खेले गए एकतरफा फाइनल में इंटर मिलान को 5-0 से करारी शिकस्त देकर पहली बार यूरोपीय क्लब फुटबॉल की सबसे बड़ी प्रतियोगिता चैंपियंस लीग का खिताब जीता। पीएसजी ने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच बेहतरीन खेल का नजारा पेश किया और इंटर के समर्थकों को आखिरी सिटी बजने से पहले ही स्टेडियम छोड़ने के लिए मजबूर किया।

पीएसजी की तरफ से डोए ने 20वें और 63वें मिनट में गोल किए। उनके अलावा अचरफ हकीमी (12वें), ख्विचा क्वारात्सखेलिया (73वें) और स्थानापन्न सेनी मायुलु (86वें) ने एक एक गोल करके पीएसजी की रिकॉर्ड जीत सुनिश्चित की। यह पिछले 70 वर्षों में चैंपियंस लीग के फाइनल में किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत है। पीएसजी के कोच लुई एनरिक ने कहा, ''अब हमारे पास चैंपियंस लीग की ट्रॉफी है। जब मैं पीएसजी से जुड़ा था तो मैंने पहले दिन ही कहा था कि हमारा लक्ष्य चैंपियंस लीग का खिताब जीतना है। यह एकमात्र ट्रॉफी थी जिसे हम अभी तक नहीं जीत पाए थे।''यह वह ट्रॉफी थी जो लियोनेल मेस्सी, नेमार या किलियन एमबाप्पे भी फ्रांस के इस क्लब को नहीं दिला पाए थे। इससे पहले पीएसजी 2020 में चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंचा था लेकिन तब वह बायर्न म्यूनिख से हार गया था, जिसके बाद नेमार लिस्बन के खाली स्टेडियम में रो पड़े थे। कोरोना महामारी के कारण तब यह मैच खाली स्टेडियम में खेला गया था।



लेकिन इस बार माहौल पूरी तरह से भिन्न था। पीएसजी के हजारों समर्थक स्टेडियम में मौजूद थे। वे झंडे लहरा रहे थे, पटाखे जला रहे थे और अपने प्रतिद्वंद्वियों इंटर के समर्थकों का शोरगुल दबा रहे थे, जिनमें से कई समर्थक अंतिम सीटी बजने से काफी पहले ही स्टेडियम से चले गए थे।

पीएसजी के समर्थक पूरे दिन म्यूनिख की सड़कों पर पार्टी करते रहे, लेकिन वह उस खुशी के दृश्य की तुलना में कुछ भी नहीं था, जब कप्तान मार्क्विनहोस ने ट्रॉफी को अपने हाथों में उठाया और उनके पीछे आतिशबाजी और सुनहरे कंफेद्दी (कागज के छोटे टुकड़े) हवा में उड़ रहे थे।

# मेस्सी के शानदार खेल से इंटर मियामी ने कोलंबस क्रू को 5–1 से हराया



फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)। दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को दो गोल कर इंटर मियामी की एमएलएस (अमेरिका की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) में कोलंबस क्रू पर 5–1 की जीत में अहम योगदान दिया। अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता कप्तान मेस्सी ने मैच में नौ मिनट (15वें और 24वें) के अंदर दो गोल करने के साथ ही दो गोल में सहायक की भूमिका निभाई जिससे पिछले सप्ताह तक खराब दौर से गुजर रही मियामी ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की। उनके बनाये मौके पर 13वें मिनट में तादेओ अलेंदे जबकि 89वें मिनट में फाफा पिकॉल्ट ने गोल किया। मियामी की टीम के लिए एक और गोल 64वें मिनट में दिग्गज लुइस सुआरेज ने किया। आठ बार बैलोन डी 'ओर विजेता मेस्सी 16 गोल के साथ लीग के मौजूदा सत्र में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी है।

# इंग्लैंड क्रिकेट में नया कीर्तिमान : स्वान को पछाड़ आदिल राशिद बने नंबर 1 स्पिनर

**खेल डैस्क ।** इंग्लैंड के लेग स्पिनर आदिल राशिद ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले स्पिनर के रूप में इतिहास रच दिया है। उन्होंने पूर्व दिग्गज ग्रीम स्वान को पीछे छोड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की। राशिद ने 298 पारियों में 412 विकेट लिए हैं, जबकि स्वान ने 223 पारियों में 410 विकेट हासिल किए थे। इस उपलब्धि ने राशिद को इंग्लैंड के स्पिन गेंदबाजी के इतिहास में शीर्ष पर पहुंचा दिया है।


राशिद की इस उपलब्धि की खासियत यह है कि उन्होंने यह मुकाम लंबे समय तक लगातार शानदार प्रदर्शन के दम पर हासिल किया। उनकी लेग स्पिन और विविधतापूर्ण गेंदबाजी ने उन्हें सीमित ओवरों के क्रिकेट में इंग्लैंड का एक अहम हथियार बनाया है। खासकर वनडे और टी20 क्रिकेट में उनकी गूगली और फ्लिपर ने बल्लेबाजों को बार-बार परेशान किया है। उनकी यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत कौशल को दर्शाती है, बल्कि आधुनिक क्रिकेट में स्पिन गेंदबाजी के महत्व को भी उजागर करती है। इस सूची में तीसरे स्थान पर मोईन अली हैं, जिन्होंने 318 पारियों में 366 विकेट लिए हैं। अली की ऑफ स्पिन और ऑलराउंड क्षमता ने भी इंग्लैंड को कई मौकों पर मजबूती दी है। चौथे स्थान पर डेरेक अंडरवुड हैं, जिन्होंने 175 पारियों में 329 विकेट हासिल किए। अंडरवुड को अपने समय का सर्वश्रेष्ठ स्पिनर माना जाता था। 5वें स्थान पर जॉन एम्बुरी हैं, जिन्होंने 164 पारियों में 223 विकेट लिए। राशिद की यह उपलब्धि खास इसलिए भी है क्योंकि उन्होंने स्वान की तुलना में अधिक पारियां खेलीं, लेकिन उनकी निरंतरता और अनुकूलन क्षमता ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। इंग्लैंड के लिए यह एक गर्व का क्षण है, क्योंकि राशिद ने न केवल रिकॉर्ड तोड़ा, बल्कि यह भी दिखाया कि वे अभी भी अपने करियर के शीर्ष पर हैं। उनकी इस उपलब्धि ने युवा स्पिनरों के लिए एक नया मानदंड स्थापित किया है।





# जेमी ओवरटन चोटिल होकर वेस्टइंडीज दौरे से बाहर, इंग्लैंड को बड़ा झटका

एजबेस्टन । इंग्लैंड क्रिकेट टीम को वेस्टइंडीज दौरे के बीच एक बड़ा झटका लगा है। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर जेमी ओवरटन हाथ की उंगली में चोट के चलते वनडे और टी20 सीरीज के शेष मुकाबलों से बाहर हो गए हैं। यह चोट उन्हें एजबेस्टन में खेले गए पहले वनडे मुकाबले के दौरान लगी, जब उन्होंने एक रिटर्न कैच पकड़ने की कोशिश की। इंग्लैंड ने उस मुकाबले में वेस्टइंडीज को 238 रन से करारी शिकस्त दी थी, लेकिन जीत के बावजूद ओवरटन की चोट टीम के लिए परेशानी का कारण बन गई है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने शनिवार को एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए बताया कि अब ओवरटन टीम से अलग होकर इंग्लैंड की मेडिकल टीम की निगरानी में रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजरेंगे। बोर्ड ने साफ कर दिया है कि वनडे टीम में उनकी जगह किसी खिलाड़ी को शामिल नहीं किया जाएगा। टीम के पास मैथ्यू पॉट्स और ल्यूक वुड जैसे विकल्प रिजर्व के रूप में मौजूद हैं, जबकि स्पिन विकल्प के रूप में टॉम हार्टले पर भी विचार किया जा सकता है। 31 वर्षीय जेमी ओवरटन ने पिछले साल ही वनडे क्रिकेट में डेब्यू किया था और अब तक उन्होंने कुल छह वनडे मुकाबले खेले हैं, जिसमें उन्होंने सात विकेट हासिल किए हैं। इसके अलावा उन्होंने 12 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 11 विकेट अपने नाम किए हैं। टेस्ट क्रिकेट की बात करें तो उन्होंने वर्ष 2022 में न्यूजीलैंड के खिलाफ पदार्पण किया था, लेकिन इसके बाद उन्हें एक भी टेस्ट खेलने का मौका नहीं मिल पाया है। जेमी ओवरटन की गिनती इंग्लैंड के उन तेज गेंदबाजों में होती है जो अपनी रफ्तार के साथ-साथ बल्लेबाजी में भी टीम को गहराई प्रदान करते हैं। उनका कद 6 फीट 5 इंच है और वह गेंद को स्विंग कराने की क्षमता रखते हैं। हाल ही में हुए आईपीएल 2025 की नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स ने उन्हें 1.5 करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल किया था। आईपीएल में उन्होंने कुल तीन मुकाबले खेले, हालांकि उन्हें सिर्फ छह ओवर ही गेंदबाजी करने का मौका मिला। वेस्टइंडीज के खिलाफ मौजूदा वनडे सीरीज में खेलने से पहले ओवरटन चेन्नई सुपर किंग्स के साथ आईपीएल का हिस्सा थे। चोट के चलते अब वह न केवल वनडे सीरीज के बचे हुए मैचों से बल्कि आगामी टी20 मुकाबलों से भी बाहर हो चुके हैं, जो इंग्लैंड के लिए एक गंभीर चिंता का विषय बन गया है।



# दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज का इंग्लिश क्लब क्रिकेट में शानदार डेब्यू, 8 चौके और 6 छक्कों सहित ठोका शतक

**मुम्बई (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स के स्टार बल्लेबाज आशुतोष शर्मा ने इंग्लिश क्लब क्रिकेट में अपने करियर की शानदार शुरुआत की। विगन क्रिकेट क्लब के लिए डेब्यू करते हुए उन्होंने सिर्फ 70 गेंदों में शतक जड़ दिया। 26 वर्षीय आशुतोष मैच की सुबह ही यूके पहुंचे थे और 31 मई को लिवरपूल और डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता में दमदार शुरुआत की जिसमें उन्होंने एक जुझारू पारी खेली, जिसने उनकी टीम को खराब शुरुआत से उबारा।

ईसीबी प्रीमियर लीग के हिस्से के रूप में 2025 सीजन के लिए विगन में शामिल होने के बाद आशुतोष फॉर्मबी क्रिकेट क्लब के खिलाफ 10 ओवर में 17/3 के स्कोर पर संघर्ष कर रही अपनी टीम के साथ पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने सलामी बल्लेबाज एवेन डालुगोड़ा के साथ मिलकर सिर्फ 23.4 ओवर में 153 रनों की साझेदारी की। आशुतोष ने अपनी शतकीय पारी में 8 चौके और 6 गगनचुम्बी छक्के लगाए। लगभग 137 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने 34वें ओवर में ठीक 100 रन पर आउट होने से पहले 70 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की। ??उनके आउट होने से टीम का पतन शुरू हो गया और विगन 52वें ओवर तक 170/3 से 241 पर सिमट गए। उनके प्रयासों के बावजूद फॉर्मबी ने लक्ष्य हासिल कर लिया। विशेष रूप से डीसी के मेंटर केविन पीटरसन ने शनिवार शाम को बल्लेबाज की पहली पारी के बारे में ट्वीट किया।

इस बीच आईपीएल 2025 में उन्हें दिल्ली कैपिटल्स ने 3.8 करोड़ रुपए में खरीदा और 29.14 की औसत और 160.62 की शानदार स्ट्राइक रेट से 204 रन बनाए। उनकी सर्वश्रेष्ठ पारियां लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ आईं, जहां उन्होंने 31 गेंदों पर नाबाद 66 रनों की पारी खेली, जिससे दिल्ली को आखिरी ओवर में मामूली जीत मिली। हालांकि डीसी प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने में विफल रही और अंक तालिका में पांचवें स्थान पर रही। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने 14 लिस्ट ए मैच, 44 टी-20 और आठ प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं, जिसमें लाल गेंद क्रिकेट में उनका उच्चतम स्कोर 123 रन है।





## विनग्रुप तमिलनाडु में एक संयंत्र लगाएगी

**भारत में परिचालन विस्तार के लिए आंध्र, तेलंगाना सरकार के साथ कर रही बातचीत**

**हाइ फोंग।**

वियतनाम की कंपनी विनग्रुप भारत में अपने परिचालन बढ़ाने के लिए आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सरकारों के साथ बातचीत कर रही है। विनग्रुप तमिलनाडु के तुतूकुड़ी में दो अरब डॉलर के निवेश से एक संयंत्र लगा रहा है। विनग्रुप की इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) इकाई विनफास्ट इस साल त्योहारी सीजन से पहले भारत में अपने वीएफ7 और वीएफ6 मॉडल उतारने की योजना बना रही है। विनफास्ट एशिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने यहां कहा` कि हमने कई राज्यों का दौरा किया और कई स्थानों का निरीक्षण किया, तब हमने तमिलनाडु के तुतूकुड़ी को चुना, क्योंकि यह लॉजिस्टिक लाभ प्रदान करता है और पास में एक बंदरगाह और हवाई अड्डा भी है। उन्होंने कहा कि इस साल त्योहारी सीजन से पहले संभवतः वीएफ7 और वीएफ6 की पेशकश के साथ वियतनाम के एक प्रमुख समूह विनग्रुप का भारतीय बाजार में प्रवेश होगा।

## इस साल निर्माण उपकरणों की मांग में बढ़ोतरी की उम्मीद-आईसीईएमए

**नई दिल्ली।**

उद्योग के हितधारकों को इस साल निर्माण उपकरणों की मांग बढ़ने की उम्मीद है। भारतीय निर्माण उपकरण विनिर्माता संघ (आईसीईएमए) के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि उद्योग का यह अनुमान सामान्य से अधिक बारिश और सरकार के बुनियादी ढांचा क्षेत्र पर जोर को देखकर लगाया गया है। उन्होंने कहा` कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने देश में सामान्य से अधिक बारिश की भविष्यवाणी की है। इससे ग्रामीण बाजार को फायदा होगा। चूंकि हमारी अधिकांश मशीनें ग्रामीण क्षेत्र में काम करती हैं, इसलिए मुझे उम्मीद है कि हमें फायदा होगा। देश में भारी निर्माण उपकरणों की प्रमुख विनिर्माता और आपूर्तिकर्ता जेसीबी इंडिया के एक अे धिकारी ने कहा` कि सरकार के बुनियादी ढांचा क्षेत्र पर ध्यान देने के साथ मुझे भरोसा है कि इस साल वृद्धि दोहरे अंक में होगी। पिछले कुछ साल में भारतीय निर्माण उपकरण उद्योग ने 26 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है।

## महाराष्ट्र में बारिश से प्याज की फसल को नुकसान, मांगा मुआवजा

**मुंबई।**

महाराष्ट्र में प्याज उत्पादकों के एक संगठन ने पिछले महीने राज्य में भारी बारिश की वजह से किसानों को हुए फसल नुकसान के लिए एक लाख रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा मांगा है। महाराष्ट्र देश का सबसे बड़ा प्याज उत्पादक राज्य है। महाराष्ट्र राज्य कांदा उत्पादक संगठन ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को लिखे पत्र में भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) द्वारा पारदर्शी प्याज खरीद सुनिश्चित करने के लिए भी कहा है। महाराष्ट्र में मई में अभूतपूर्व बारिश हुई है। पत्र में कहा गया है कि जलगांव, धुले, नासिक, अहिल्यानगर, छत्रपति संभाजीनगर, पुणे, सोलापुर, बीड, धाराशिव, सांगली, बुलढाणा, अकोला, परभणी और जालना जैसे प्याज उत्पादक जिले बारिश से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष और नासिक जिले के प्रमुख की ओर से मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि छह मई से भारी बारिश के कारण पूरे राज्य में प्याज की फसल को काफी नुकसान हुआ है। एसोसिएशन ने कहा कि कई किसानों ने अपनी पूरी रबी सीजन की फसल कटाई से पहले ही गंवा दी है। उन्होंने इस नुकसान की भरपाई के लिए एक लाख रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा मांगा है।

# आर्थिक आंकड़े और ग्लोबल रुझानों से तय होगी बाजार की चाल

**-सभी की निगाह 6 जून को आरबीआई की मौद्रिक नीति घोषणा पर**

**नई दिल्ली।**

भारतीय शेयर बाजार की दिशा इस हफ्ते भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ब्याज दर पर निर्णय, वृहद आर्थिक आंकड़े और ग्लोबल रुझानों से तय होगी। बाजार के विशेषज्ञों का कहना है कि इसके साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों की खरीद-फरोख्त और शुल्क से जुड़े घटनाक्रम भी निवेशकों की धारणा पर असर डाल सकते हैं। एक विशेषज्ञ ने कहा कि आगे की ओर देखें, तो सभी की निगाह 6 जून को भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति घोषणा पर रहेंगी। इसके अलावा नए माह की शुरुआत के साथ वाहन बिक्री और आर्थिक गतिविधियों का संकेत देने वाले अन्य आंकड़े आएंगे। साथ ही सभी की निगाह मॉनसून की प्रगति और विदेशी संस्थागत निवेशकों के फ्लो पर भी रहेगी। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिकी बॉन्ड बाजार के रुझान और जारी व्यापार वार्ताओं से जुड़े घटनाक्रम भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25 की अंतिम तिमाही में उम्मीद से ज्यादा तेजी से बढ़ी है, जिससे पूरे वित्त वर्ष के लिए जीडीपी की वृद्धि दर 6.5 फीसदी रही। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 3,900 अरब डॉलर हो गया। जनवरी-मार्च तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.4 फीसदी रही। इस बीच सप्ताह के दौरान आने वाले विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के लिए क्रय प्रबंधक सूचकांक आंकड़े भी बाजार के लिए अहम होंगे।

एक शोध प्रमुख-संपदा प्रबंधन ने कहा कि इस सप्ताह केंद्रीय बैंक द्वारा रीपो रेट में कटौती की उम्मीद के बीच ब्याज दर की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र, विशेष रूप से सरकारी बैंकों के शेयरों पर सभी की निगाह रहेगी। इसके अलावा वाहन बिक्री के मासिक आंकड़ों की वजह से भी बाजार में क्षेत्र विशेष गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 270.07 अंक या 0.33 फीसदी के नुकसान में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 102.45 अंक या 0.41 फीसदी रहा। एक अन्य शोध प्रमुख ने कहा कि बाजार रीपो रेट में चौथाई 0.25 फीसदी की कटौती की उम्मीद कर रहा है। ऐसे में ब्याज दर की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों पर सभी की निगाह रहेगी।

## केनरा बैंक में अब न्यूनतम बैलेंस पर संचा लित कर सकते हैं अपना खाता

**अकाउंट में बैलेंस जीरो होने पर भी नहीं लगेगा जुर्माना**

**नई दिल्ली।** केनरा बैंक ने खाता धारकों के लिए बड़ा तोहफा दिया है, जो खातों में न्यूनतम बैलेंस बनाए रखने की जरूरत को खत्म करता है। अब सभी खाताधारक अपने खाते को शून्य बैलेंस पर भी संचालित कर सकते हैं, और कोई भी जुर्माना नहीं देना पड़ेगा। यह नियम सामान्य बचत खाता, वेतन खाता, और एनआरआई पर लागू होगा। इसके साथ ही कोटक महिंद्रा बैंक ने अपने क्रेडिट कार्ड्स पर भी रिवॉर्ड्स में कटौती और ब्याज दरों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। यह कदम न केवल ग्राहकों के पैसे की सुरक्षा देगा, बल्कि इन्हें बिना किसी झिझक के डिजिटल बैंकिंग और सेवाओं से जुड़ने की प्रेरणा भी देगा। इस फैसले से विशेष रूप से छात्रों, वरिष्ठ नागरिकों, कम आय वर्ग के लोगों, ग्रामीण क्षेत्रों के खाताधारकों और पहली बार बैंकिंग से जुड़ने वालों को लाभ होगा। केनरा बैंक की इस भविष्यवाणी के साथ कोटक महिंद्रा बैंक ने भी क्रेडिट कार्ड्स पर रिवॉर्ड्स में कटौती और ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। इस बदलाव के साथ बैंकी अनुभव और ग्राहकों की सुविधा में सुधार की उम्मीद है।

## अडाणी ग्रुप धारावी में आधुनिक परिवहन केंद्र बनाएगा

**यातायात होगा आसान और तेज**

**मुंबई।**



मुंबई के प्रमुख उद्योगी अडाणी ग्रुप ने मुंबई के धारावी में धारावी पुनर्विकास प्रोजेक्ट के तहत मुंबई में एक आधुनिक परिवहन केंद्र की योजना बनाई है। इस योजना के अनुसार एक मल्टी-मोडल ट्रांजिट हब बनाया जा रहा है, जिसमें रेल, सड़क और हवाई अड्डा होंगे। एक` रिपोर्ट के मुताबिक यह केंद्र मुंबई और नवी मुंबई के हवाई अड्डों के लिए विशेष ट्रेनें, चेक-इन और ट्रांजिट सुविधाएं भी प्रदान करेगा। इसके अलावा, यहां शहर की रेल, मेट्रो और बस सेवाएं भी शामिल होंगी। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य धारावी और आसपास के इलाकों के यातायात को आसान और तेज बनाना है। इस केंद्र से मुंबई और नवी मुंबई हवाई अड्डे भी जुड़े जाएंगे। इस परियोजना के अलावा सड़कों का विस्तार, रिवरफ्रंट प्रमेनेड, अस्पताल, हरे-भरे पार्क, औद्योगिक क्षेत्र और सामुदायिक मनोरंजन स्थल भी इसमें शामिल होंगे। नवभारत मेगा डेवलपर्स के अनुसार, यह परियोजना धारावी के निवासियों के जीवन को सुविधाजनक बनाने में मदद करेगा। पिछले साल, महाराष्ट्र सरकार ने धारावी के पुनर्विकास के लिए 256 एकड़ साल्ट-पैन लैंड के अधिग्रहण को मंजूरी दी थी, और इस सप्ताह धारावी के मास्टर प्लान को भी मंजूर किया गया है। इस परियोजना का लक्ष्य है धारावी को एशिया के सबसे बड़े स्लम से आधुनिक और सुविधाजनक क्षेत्र में तब्दील करना।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से चार कंप नियों का मार्केट कैप एक लाख करोड़ बढ़ा

**सबसे अधिक लाभ में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) रही**

**मुंबई।**

बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से चार कंपे नियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,01,369.5 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजार में सुस्ती के रुख के बीच सबसे अधिक लाभ में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) रही। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और एलआईसी के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार पूंजीकरण में सामूहिक रूप से 34,852.35 करोड़ रुपये की गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में एलआईसी का बाजार मूल्यांकन 59,233.61 करोड़ रुपये बढ़कर 6,03,120.16 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सबसे अधिक लाभ में एलआईसी ही रही। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 19,589.54 करोड़ रुपये बढ़कर 7,25,036.13 करोड़ रुपये रहा। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 14,084.2 करोड़ रुपये बढ़कर 10,58,766.92 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 8,462.15 करोड़ रुपये बढ़कर 14,89,185.62 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के` विपरीत टीसीएस की बाजार हैसियत 17,909.53 करोड़ रुपये घटकर 12,53,486.42 करोड़ रुपये रह गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 7,645.85 करोड़ रुपये



घटकर 19,22,693.71 करोड़ रुपये पर आ गया। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 4,061.05 करोड़ रुपये घटकर 5,70,146.49 करोड़ रुपये पर और आईसीआईसीआई बैंक का 2,605.81 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 10,31,262.20 करोड़ रुपये पर आ गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का बाजार पूंजीकरण 1,973.66 करोड़ रुपये घटकर 5,52,001.22 करोड़ रुपये रहा। इन्फोसिस की बाजार हैसियत में 656.45 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 6,49,220.46 करोड़ रुपये पर आ गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का स्थान रहा।

# आईपीओ लॉन्च से पहले ओयो की पैरेंट कंपनी बदलेगी नाम, मांगे सुझाव मिलेगा इनाम

**नई दिल्ली।**

ओयो का आईपीओ कुछ महीनों में बाजार में आ जाएगा। इससे पहले पैरेंट कंपनी के नाम में बदलाव की तैयारी हो रही है। ओयो के संस्थापक रितेश अग्रवाल ने अपनी पैरेंट कंपनी ओरावेल स्टेज के लिए नाम के सुझाव मांगे हैं। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि नया नाम उस प्रीमियम होटल ऐप का हो सकता है जिसे ओयो निकट भविष्य में पेश करने की योजना बना रही है। ओयो के संस्थापक ने कहा कि हम मूल कंपनी का नाम बदल रहे हैं। होटल चेन नहीं, उपभोक्ता उत्पाद नहीं बल्कि शहरी इनोवेशन और आधुनिक जीवन के वैश्विक परिवेश को सशक्त बनाने वाली मूल कंपनी है। हमारा मानना है कि अब समय आ गया है कि दुनिया के पास एक नए तरह का वैश्विक ब्रांड हो जिसका गढ़ भारत में हो, लेकिन दुनिया के लिए बनाया गया हो। उन्होंने विजेता को तीन लाख रुपए का पुरस्कार और उनसे मिलने का मौका देने की घोषणा भी की। इस बीच, ओयो ने जून में पांच निवेश बैंकों की उसके प्रमुख शेयरधारक सॉफ्टबैंक से मिलने की व्यवस्था की है। इन बैंक में आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज और एक्सिस कैपिटल के साथ-साथ भारतीय वित्तीय संस्थानों का प्रतिनिधित्व करने वाले वैश्विक बैंकिंग गठजोड़ से सिटी, गोल्डमैन सैक्स और जेफरीज शामिल हैं। जापानी समूह सॉफ्टबैंक, ओयो के सबसे बड़े शेयरधारकों में से एक है। इसलिए यह बैठक खास है।

यह बैठक सॉफ्टबैंक के लंदन स्थित ग्रोसवेनर स्ट्रीट कार्यालय में होने वाली है। पांच बैंक, सॉफ्टबैंक के सुमेर जुनेजा के समक्ष




अपने आईपीओ से जुड़ी रणनीति प्रस्तुत करेंगे। ओयो के संस्थापक और उसकी वरिष्ठ नेतृत्व टीम भी इसमें शामिल होगी। बता दें ओयो ने 2021 में सेबी के सामने अपने दस्तावेज दाखिल किए और फिर दोबारा दाखिल किए थे। इसमें सार्वजनिक पेशकश के जरिये 8,430 करोड़ जुटाने की बात कही थी। कंपनी ने हालांकि मई, 2024 में यह दस्तावेज वापस ले लिए थे।

## मुंबई में लग्जरी हाउसिंग स्टॉक में 36 फीसदी की सालाना बढ़ोतरी

**8,420 लग्जरी यूनिट्स मुंबई में बिना बिके रह गए**

**मुंबई।**

मुंबई में 2025 की पहली तिमाही में बिना बिके लग्जरी हाउसिंग स्टॉक में 36 फीसदी की सालाना बढ़ोतरी दर्ज की गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार बढ़ोतरी का मुख्य कारण 2.5 करोड़ रुपए से अधिक कीमत वाले नए फ्लैट्स की अधिक सप्लाई, बढ़ती कीमतें और वैश्विक आर्थिक मंदी है। 2025 में 2.5 करोड़ से ऊपर की कीमत वाले 8,420 लग्जरी यूनिट्स मुंबई में बिना बिके रह गए हैं। मुंबई में जनवरी से मई 2025 के बीच 64,461 प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन हुए हैं, जो 2024 की इसी अवधि में हुए 60,818 रजिस्ट्रेशन की तुलना में 6 फीसदी ज्यादा हैं। इस साल पहले पांच महीनों में राज्य सरकार ने करीब 5,695 करोड़ रुपए का राजस्व जुटाया, जो पिछले साल से 17 फीसदी अधिक है। 2022 के बाद लग्जरी हाउसिंग स्टॉक में यह पहली बार है जब इन्वेंट्री में वृद्धि दर्ज की गई है। 2023 और 2024 में इन्वेंट्री में गिरावट देखी गई थी। 2023 में मुंबई में लग्जरी सेगमेंट का स्टॉक 29 फीसदी घटकर लगभग 18,340 यूनिट्स पर आ गया था। इ2024 में यह स्टॉक और भी तेजी से 53 फीसदी घटकर लगभग 6,180 यूनिट्स पर आ गया था।

# जेप्टो के फूड सेंटर पर मिली फफूंद लगी सामग्री और गंदगी, लाइसेंस निलंबित

**मुंबई।**

महाराष्ट्र फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म जेप्टो की पेरेंट कंपनी किरणकार्ट टेक्नोलॉजीज का फूड बिजनेस लाइसेंस निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई मुंबई के धारावी स्थित उसके सेंटर पर अचानक किए निरीक्षण के बाद की गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस निरीक्षण में फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एक्ट और फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स रेगुलेशंस 2011 का उल्लंघन पाया गया। एफडीए ने कहा है कि जब तक कंपनी पूरी तरह से नियमों का पालन नहीं करेगी और लाइसेंसिंग अथॉरिटी द्वारा इसकी पुष्टि नहीं हो जाती, तब तक लाइसेंस निलंबित ही रहेगा।रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों को कुछ खाद्य पदार्थों पर फंगल ग्रोथ दिखाई दी। साथ ही कई उत्पाद जमे हुए या रुके हुए पानी के पास रखे हुए पाए गए। वहीं, कोल्ड स्टोरेज का तापमान भी नियमानुसार नहीं था। निरीक्षकों ने बताया कि परिसर में जमीन गीली और गंदी थी। खाद्य सामग्री और कच्चे माल को सीधे फर्श पर अव्यवस्थित ढंग से रखा गया था। इसके अलावा, एक्सपायरी डेट वाले उत्पादों को ताजा स्टॉक से अलग नहीं रखा गया था, जिससे उपभोक्ताओं तक खराब सामान पहुंचने का खतरा बढ़ गया। रिपोर्ट के मुताबिक महाराष्ट्र एफडीए के एक अधिकारी ने बताया कि संस्थान कई लाइसेंसिंग शर्तों का पालन नहीं कर रहा था। अधिकारी ने यह भी कहा कि ऐसी लापरवाहियां जनता की सेहत के लिए गंभीर खतरा है। निरीक्षण के बाद, सहायक आयुक्त (खाद्य) ने फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एक्ट के तहत लाइसेंस निलंबन का आदेश दिया। आदेश में साफ कहा गया है कि जब तक सभी कमियों को दूर नहीं किया जाता और नियामक संस्था द्वारा साइट को क्लीयरेंस नहीं मिल जाती, तब तक जेप्टो का धारावी स्थित फूड बिजनेस निलंबित रहेगा। इस रिपोर्ट के फाइल किए जाने तक कंपनी की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया था।

# तेल कंप नियों ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के भाव 24 रुपये घटाये

**1 जून से लागू नई कीमतें, घरेलू रसोई गैस सिलेंडर स्थिर**

**नई दिल्ली।**

तेल कंपनियों ने 19 किलोग्राम के कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 24 रुपये कम कर दी है। यह नई दर 1 जून से लागू हो गई है।

अब 19 किलोग्राम के कमर्शियल सिलेंडर 1,723.50 रुपये में मिलेगा। हालांकि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। तेल कंपनियां नियमित रूप से अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों और बाजार की स्थिति के आधार पर एलपीजी की दरें बदलती रहती हैं।

इस साल की शुरुआत में 1 अप्रैल को भी कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 41 रुपये की कमी की गई थी। दूसरी ओर, घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतें स्थिर रखी गई हैं।

देश के अलग-अलग राज्यों में एलपीजी की कीमतें स्थानीय करों और परिवहन लागत के कारण भिन्न होती हैं। भारत में एलपीजी का लगभग 90 प्रतिशत उपयोग घरेलू रसोई में होता है, जबकि शेष 10 प्रतिशत कमर्शियल, औद्योगिक और ऑटोमोटिव क्षेत्रों में खपत होता है।

इससे पहले मार्च में केंद्र सरकार ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये की बढ़ोतरी की थी। यह फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ के बाद वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण लिया गया था।

# विमान ईंधन की कीमत तीन प्रतिशत घटी



**नई दिल्ली।**

विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में तीन प्रतिशत की कटौती की गई है। रविवार को एटीएफ की कीमतों में कटौती की घोषणा की गई है। यह लगातार तीसरा महीना है जबकि विमान ईंधन के दाम घटे हैं। वै श्विक स्तर पर बेंचमार्क कच्चे तेल और गैस कीमतों में कमी के बाद घरेलू बाजार में कीमतें घटाई गई हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमत 2,414.25 रुपये प्रति किलोलीटर या 2.82 प्रतिशत घटकर 83,072.55 रुपये प्रति किलोलीटर रह गई है। इससे पहले एक मई को एटीएफ के दाम 4.4 प्रतिशत (3,954.38 रुपये प्रति किलोलीटर) और एक अप्रैल को 6.15 प्रतिशत (5,870.54 रुपये प्रति किलोलीटर) घटाए गए थे। रविवार की हुई इस कटौती के बाद इस साल की शुरुआत में एटीएफ कीमतों में जो वृद्धि हुई थी उसकी काफी हद तक भरपाई हो गई है। एटीएफ की कीमत में कमी से वाणिज्यिक एयरलाइन कंपनियों पर बोझ कम होगा। एयरलाइन कंपनियों की परिचालन लागत में 40 प्रतिशत हिस्सा विमान ईंधन का बैठता है। मूल्य कटौती पर एयरलाइन कंपनियों से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी। मुंबई में एटीएफ की कीमत 79,855.59 रुपये से घटाकर 77,602.73 रुपये प्रति किलोलीटर रह गई है, जबकि चेन्नई और कोलकाता में क्रमशः 86,103.25 रुपये और 86,052.57 रुपये प्रति किलोलीटर कर दी गई।

## विदेशी लग्जरी कारों की कीमतों में आ सकती है भारी गिरावट



**नई दिल्ली।**

हाल ही में भारत सरकार ने कई ट्रेड एग्रीमेंट्स पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके लागू होने पर विदेशी लग्जरी कारों पर इंपोर्ट टैक्स घटकर मात्र 10 प्रतिशत तक आ सकता है। इससे कार की कीमतों में भारी गिरावट आएगी। इस बीच, कई कार खरीदार कीमतों में कमी का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन ब्रिटिश ऑटोमेकर मिनी इंडिया ने ऐसा ऑफर पेश किया है जो खरीदारी में देरी करने की जरूरत खत्म कर देगा। मिनी इंडिया ने एक नई प्राइस प्रोटेक्शन पॉलिसी लागू की है, जो विशेष रूप से मिनी कूपर एस 3-डोर मॉडल पर लागू होगी। इस योजना के तहत, जो ग्राहक अब कूपर एस खरीदेंगे, उन्हें अगले 180 दिनों में अगर कूपर एस की कीमत में कोई भी कटौती होती है तो उसे वापसी के रूप में मिलेगा। यानी, कीमत घटने पर खरीदार का पैसा सुरक्षित रहेगा। यह ऑफर सीमित समय के लिए है और मिनी के अधिकृत डीलरशिप से उपलब्ध है। कूपर एस की वर्तमान ऑन-रोड कीमत मुंबई में लगभग 53.62 लाख रुपये है। भारत-यूके फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के तहत, भारत ब्रिटेन से आयातित हाई-एंड लग्जरी कारों पर 100 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत तक टैक्स कम करेगा। इससे कई ब्रांड अपनी कीमतें कम कर सकते हैं, लेकिन अभी इस पर कुछ अनिश्चितताएं बनी हैं। ऐसे में मिनी का यह प्राइस प्रोटेक्शन प्रोग्राम ग्राहकों को खरीदारी में विश्वास और सुरक्षा देता है। इस योजना के चलते ग्राहकों को लंबा इंतजार किए बिना तुरंत मिनी कूपर एस खरीदने का मौका मिलेगा और अगर बाद में कीमतें कम हुईं तो उन्हें लाभ भी मिलेगा।



## वापसी पर बोले फरदीन – दर्शकों और निर्माताओं के प्यार के लिए आभारी हूं

अभिनेता फरदीन खान अपकमिंग फिल्म 'हाउसफुल 5' में नजर आएंगे। हाउसफुल उनकी चौथी फिल्म है। खान ने एक साल में तीन अलग-अलग भूमिकाएं निभाकर पर्दे पर वापसी के बारे में बात की। उन्होंने वापसी और शानदार किरदार के लिए फिल्म निर्माताओं और दर्शकों का आभार जताया। फरदीन मंगलवार को मुंबई में फिल्म के ट्रेलर लॉन्च में शामिल हुए, जहां मीडिया ने उनसे निर्देशकों के साथ उनकी पिछली तीन फिल्मों में उनके लगातार प्रदर्शन के बारे में पूछा। वहीं, 'हाउसफुल 5' चौथे नंबर पर है। अभिनेता ने ट्रेलर लॉन्च के मौके पर मीडिया से कहा, जब मैं वापस आने के बारे में सोचता हूं तो ऐसा लगता है कि मैं दूसरी बार आया हूं। अपने को-स्टार्स के साथ प्यार और सम्मान के साथ मिलने और फिर से काम करने के लिए आभारी और उत्साहित हूं।
12 साल की अवधि के बाद वापसी करना कुछ ऐसा नहीं है जिसकी आप योजना बनाएं। मैंने बस इसके लिए तैयारी की है। मुझे बस इतना पता था, यह वही है जो मैं करना जानता हूं। मुझे सेट पर होने की याद आती है। मुझे कहानियां सुनाने का हिस्सा बनने की याद आती है। मुझे उन लोगों के बीच होने वाले जुड़ाव की याद आती है जिनके साथ आप गहरे रूप से लंबे समय तक काम कर चुके हैं। उन्होंने कहा, मेरे लिए हाउसफुल 5 चौथी रिलीज होगी और यह सबसे बड़ी कॉमेडी फ्रैंचाइज भी है। हिंदी फिल्म इतिहास की सबसे सफल कॉमेडी फ्रैंचाइज होगी जो सभी को खुशी और प्यार देने के लिए तैयार है। दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार है। मेरे लिए इसके जरिए वापसी एक जश्न की तरह है। फरदीन ने कहा, मैं दर्शकों का और उन सभी का बहुत आभारी हूं जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया, जिन्होंने सोचा कि मेरे पास कुछ दौर बाकी हैं, जिन्होंने मुझे इस तरह की प्रतिभा के साथ काम करने का मौका दिया और विशेष रूप से साजिद नाडियाडवाला का आभारी हूं।



# साउथ एक्टर ने मेरी हाइट को लेकर बहुत बुली किया

अपनी पहली ही फिल्म मकड़ी के लिए नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली एक्ट्रेस श्वेता बसु प्रसाद बॉलीवुड की भेड़चाल से इतर अपनी रफ्तार से लगातार आगे बढ़ रही हैं। अपनी पिछले वेब शो ऊप्स अब क्या के लिए वाहवाही बटोरने वाली श्वेता अब चर्चित सीरीज क्रिमिनल जस्टिस 4 में वकील लेखा अगस्त्या के रूप में दोबारा नजर आ रही हैं।

**आप काम के अलावा बॉलिवुड की चमक-दमक से दूर रहती हैं। सोशल मीडिया या लाइमलाइट में बने रहने की कवायद करती नहीं दिखतीं। इसके पीछे क्या वजह है?**

मुझे इन चीजों से ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। मेरा बस चले तो कल इंस्टाग्राम डिलीट कर दूं। मुझे इंस्टाग्राम इसलिए पंसद है, क्योंकि वहां मैं अपने काम की चीजें शेयर कर पाती हूं। साथ ही, कुछ लोग बहुत छोटी डॉक्यूमेंट्री, विडियोज, फोटोज, अच्छी आदतें, खाने की चीजें वगैरह शेयर करते हैं, जो देखना मुझे अच्छा लगता है। लाइमलाइट में रहने या फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए उसका इस्तेमाल करना मेरा लक्ष्य कभी नहीं रहा, ना हो पाएगा। ऐक्टिंग मेरी लाइफ का बहुत अहम हिस्सा है, मेरी जिंदगी नहीं है। पैकअप के बाद मैं काम वैन में छोड़कर जाती हूं। दोस्तों के बीच भी मैं काम की बात नहीं करती कि कौन सा ऑडिशन दिया, क्या आने वाला है। हालांकि, मुझे सिनेमा बहुत पसंद है। मैं हर हफ्ते थिएटर में दो फिल्में देखती हूं। हर दिन कुछ ना कुछ देखती हूं, पर वो जिंदगी का हिस्सा है। लाइफ में और बहुत कुछ करने को है। मैं फैमिली के साथ वक्त बिताती हूं, सितार बजाती हूं, खाना बनाती हूं या कुछ नहीं करती हूं।

**लेकिन इस कॉम्पिटिशन वाली इंडस्ट्री में, जहां सब आगे निकलना चाहते हैं, यह ठहराव या डिटैचमेंट कैसे हासिल किया?**

मैं आपको एक वाकया बताती हूं। मैं 12 साल की थी, जब मुझे मकड़ी के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था और उसी हफ्ते मुझे स्कूल में भाषण प्रतियोगिता के लिए सेकंड प्राइज मिला था। मेरे पैरंट्स ने दोनों सर्टिफिकेट को एक ही जगह रखा और बोला कि दोनों महत्वपूर्ण हैं। तब मुझे लगातार गिफ्ट मिल रहे थे। टीचर, प्रिंसिपल सबने बड़ी तारीफ की, मगर घर पर मेरा माहौल इतना ज्यादा सामान्य था कि मेरे लिए वे चीजें बहुत साधारण बन गई थी, क्योंकि मेरे पैरंट्स ने उस लाइमलाइट से मुझे तभी डिटैच कर दिया था। उस चीज को साधारण बना दिया था। मैंने उस नैशनल अवॉर्ड की अहमियत बहुत बाद में समझी। अगर उस वक्त मेरे पैरंट्स ने ऐसा ना किया होता, तो शायद ऐसा ना होता।

**शो में लेखा और माधव मिश्रा (पंकज त्रिपाठी का किरदार) एक-दूसरे के बैकग्राउंड को लेकर जज करते हैं। समाज में भी लोगों को रंग-रूप, कद-काठी हर चीज के लिए जज किया जाता है। क्या आप कभी किसी जजमेंट का शिकार हुई हैं?**

अमूमन तो नहीं, मगर मैंने बहुत पहले साउथ की एक फिल्म थी, वहां पर मुझे मेरी हाइट को लेकर बहुत बुली किया गया था। जबकि, ऐसा नहीं था कि मेरे कद की वजह से सीन में कोई दिक्कत आ रही थी। हमारे डीओपी बहुत उम्दा टेक्निशियन थे, सब सही जा रहा था, लेकिन फिल्म का हीरो और कुछ असिस्टेंट डायरेक्टर्स मिलकर पता नहीं क्यों मुझे परेशान कर रहे थे। मुझे लगता है कि उनको मजे आ रहे थे।

**सीरीज में आपके किरदार लेखा के प्रिविलेज परिवार से होने पर काफी जोर रहा है। फिल्म इंडस्ट्री में भी प्रिविलेज और नेपोटिजम जैसे विषय खूब चर्चा में रहे हैं। यहां एक आउटसाइडर के तौर पर आपका क्या अनुभव रहा है?**


मेरा तो परिवार है इंडस्ट्री। मैं तो यहीं बड़ी हुई हूं। मेरे बहुत सारे दोस्त इंडस्ट्री से हैं, जिनके परिवार, पूर्वज इंडस्ट्री के हैं। मेरे बहुत सारे दोस्त ऐसे भी हैं, जो सीए, डॉक्टर, इलस्ट्रेटर अलग-अलग लोग हैं। मेरा मानना है कि हर इंसान के बैकग्राउंड के अपने फायदे और नुकसान होते हैं। जैसे, लेखा की ही बात करूं तो वह बेशक प्रिविलेज क्लास से है। उसके पिता नामी वकील हैं, पर उसने उस प्रिविलेज का फायदा उठाकर बड़े केसेज नहीं लिए। उसने तय किया कि पब्लिक प्रॉसिक्यूटर बनेगी। साधारण केसेज लेगी। अपनी प्रतिभा दिखाएगी, ना कि अपने नामी वकील पिता के नाम का फायदा उठाएगी। लेखा का यह आत्मसम्मान मुझे बहुत पसंद है। वह अपने दिमाग से सोचती है, बहुत मेहनती है। इंडस्ट्री में भी ऐसे लोग हैं, तो मेरा इंडस्ट्री में कोई खराब अनुभव नहीं रहा है। इसकी वजह शायद यह भी है कि मैंने बचपन से काम शुरू कर दिया था, तो ज्यादातर लोग मुझे अपने घर का बच्चा मानते हैं।

## नीरज घेवान की फिल्म का हिस्सा बनना एक एक्टर के लिए गर्व की बात है



जान्हवी कपूर अपने करियर में अब संजीदा किरदारों को निभाने की कोशिश में लगी हुईं। हाल ही में फिल्म 'होमबाउंड' में भी उनके किरदार को कान फिल्म फेस्टिवल में सराहा गया। इसका श्रेय जान्हवी फिल्म के निर्देशक नीरज घेवान को देती हैं। वह आगे भी इस निर्देशक के साथ काम करने की इच्छा रखती हैं। हालिया बातचीत में जान्हवी कहती हैं, 'फिल्म 'होमबाउंड' की शूटिंग खत्म करने के बाद मैंने नीरज घेवान सर को मैसेज भेजा और कहा कि मुझे कोई दिक्कत नहीं है अगर आपकी अगली फिल्म में बैकग्राउंड में एक पेड़ का रोल निभाने को मिले। मुझे बस उनके साथ काम करना है।' जान्हवी का मानना है कि नीरज घेवान की फिल्म का हिस्सा बनना एक एक्टर के लिए गर्व की बात है। जान्हवी कपूर की अगली फिल्म 'परम सुंदरी' है। इस फिल्म में वह सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आएंगी। 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' नाम की फिल्म भी जान्हवी कर रही हैं। इसके अलावा अगले साल रिलीज होने वाली एक साउथ फिल्म 'पेड्डी' में भी जाहन्वी अभिनय करती नजर आएंगी।


## पुलकित सम्राट ने 'राहु केतु' की शूटिंग की दी जानकारी



पुलकित सम्राट ने सोशल मीडिया पर एक्टर वरुण शर्मा और शालिनी पांडे के साथ कई तस्वीरें शेयर की हैं। यह सभी तस्वीरें फिल्म राहु केतु के सेट की हैं। इन तस्वीरों के साथ पुलकित ने फिल्म के शूटिंग शैड्यूल की जानकारी भी शेयर की हैं।

### कहां हो रही है फिल्म की शूटिंग

पुलकित ने इंस्टाग्राम पर फिल्म राहु केतु के सेट से कई तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। वहीं एक्टर ने इन तस्वीरों के साथ फिल्म की शूटिंग की जानकारी देते हुए कैप्शन में लिखा, कसोल का शेड्यूल जारी, राहु केतु अब एक्शन में। पुलकित ने जैसे ही फिल्म राहु केतु के सेट से तस्वीरें शेयर कीं सेलेब्स ने भी अपनी प्रतिक्रियाएं देनी शुरू कर दीं। फिल्म फुकरे में पुलकित की को-स्टार रहीं ऋचा चड्ढा ने लिखा, प्यारा कृपया आनंद लें और भाई के चुचों को प्यार दें।, पुलकित की इस पोस्ट पर अपारशक्ति खुराना ने लाल दिल वाला इमोजी बनाया है। वहीं एक्टर पीयूष मिश्रा ने काले दिव वाला इमोजी बनाया है। पुलकित की इस पोस्ट पर सेलेब्स के अलावा फैंस ने भी अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कमेंट किए हैं। एक फैन ने लिखा, शुभकामनाएँ पुलकित भैया, एक और फैन ने लिखा, हॉट पुलकित, एक और फैन ने लिखा, इंस्टाग्राम का सबसे हैंडसम बॉलीवुड अभिनेता पुलकित सम्राट, वहीं कई पुलकित के फैंस ने फायर और लाल दिल वाले इमोजी बरसाए हैं।
राहु केतु को विपुल विग निर्देशित कर रहे हैं। इस फिल्म में पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा और शालिनी पांडे ने अहम भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म 'राहु केतु' के अलावा पुलकित सम्राट 'ग्लोरी' नाम की फिल्म में भी नजर आएंगे। फिल्म ग्लोरी की शूटिंग कुछ दिन पहले ही खत्म हुई है, जिसकी जानकारी खुद पुलकित ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर कर दी थी।



## 'ब्लैक वारंट' के दूसरे सीजन का अनाउंसमेंट, जेलर बनकर लौटे जहान कपूर

**अगर आपको इस साल की शुरुआत में आया नेटफ्लिक्स का शो 'ब्लैक वारंट' पसंद आया था, तो ये खबर आपके लिए है। नेटफ्लिक्स ने अपने इस सुपरहिट शो के दूसरे सीजन की घोषणा कर दी है। जिसके बाद ये तय है कि एक बार फिर तिहाड़ जेल की कहानी देखने को मिलेगी।**

### नेटफ्लिक्स ने किया एलान


नेटफ्लिक्स ने अपने हिट शो 'ब्लैक वारंट' के दूसरे सीजन की घोषणा कर दी है। नेटफ्लिक्स के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इस बात की जानकारी दी गई। पोस्ट में जहान कपूर का जेलर के किरदार में पोस्टर जारी किया गया है। जिस पर लिखा गया ब्लैक वारंट सीजन 2 कमिंग सून। इस पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया है, 'सीजन 2 में आपका स्वागत है, जेलर साहब। ब्लैक वारंट सीजन 2 जल्द ही आ रहा है, केवल नेटफ्लिक्स पर।'

### जेलर के किरदार में लौटे जहान कपूर

सीजन 2 के जरिए जहान कपूर एक बार फिर तिहाड़ के जेलर के रूप में लौट रहे हैं। हालांकि, देखना ये होगा कि क्या जहान इस बार भी तिहाड़ के जेलर रहे सुनील गुप्ता के किरदार में ही नजर आएंगे। या फिर उनका किरदार बदल जाएगा।

### 'ब्लैक वारंट- कन्फेशन्स ऑफ ए तिहाड़ जेलर पर आधारित था पहला सीजन

इस साल की शुरुआत में आए 'ब्लैक वारंट' के पहले सीजन की बात करें तो इसकी कहानी तिहाड़ जेल के जेलर रहे सुनील गुप्ता की किताब 'ब्लैक वारंट- कन्फेशन्स ऑफ ए तिहाड़ जेलर' पर आधारित थी। जिसमें सुनील गुप्ता ने तिहाड़ जेल के अपने अनुभवों को साझा किया है। अब देखना ये है कि सीजन 2 की कहानी भी असल घटना पर आधारित होगी या उससे प्रभावित होगी या फिर ये पूरी तरह से एक फिक्शनल कहानी होगी।



# हाउसफुल 5 के इवेंट में फीस के सवाल पर भड़के अक्षय

**आज अक्षय कुमार की फिल्म हाउसफुल 5 का ट्रेलर जारी हो गया है। सोशल मीडिया पर फिल्म के ट्रेलर को खूब सराहा गया है। हाउसफुल 5 के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अक्षय कुमार से एक व्यक्ति ने पूछा कि उन्होंने कितनी फीस ली। इस पर अक्षय कुमार भड़क गए। हालांकि उनके जवाब को लोगों ने मजाकिया अंदाज में लिया और सब हंस दिए।**

### अक्षय कुमार ने दिया मजेदार जवाब

हाउसफुल 5 के ट्रेलर लॉन्च इवेंट का एक वीडियो इंटरनेट पर सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि अक्षय कुमार से किसी ने पूछा हाउसफुल 5 के लिए उन्होंने कितना चार्ज किया?
इस पर उन्होंने जवाब दिया अगर मैंने पैसे लिए होंगे तो मैं तुझे क्यों बताऊंगा? तू हमारा भतीजा लगता है? मैंने पैसे लिए, अच्छे खासे लिए। फिल्म बनी, बहुत अच्छे खासे बजट में बनी। बहुत मजा आया। आज खुशी का दिन है तूने मेरे यहां रेड डालना है? अक्षय के इस जवाब ने लोगों को हंसा दिया।

### हाउसफुल 5 के बारे में

ख्याल रहे कि हाउसफुल 5 का निर्देशन तरुण मनसुखानी कर रहे हैं। फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला, वर्दा नाडियाडवाला और फिरुजी खान हैं। हाउसफुल 5 कॉमेडी फ्रैंचाइजी हाउसफुल की पांचवीं किस्त है। इस फिल्म में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन हैं। ये लोग हाउसफुल 3 के बाद फिर से साथ काम कर रहे हैं।

### फिल्म में हैं ये कलाकार

इस फिल्म में संजय दत्त, फरदीन खान, श्रेयस तलपड़े, नाना पाटेकर, जैकी श्रॉफ, डिनो मोरिया, जैकलीन फर्नांडीज, नरगिस फाखरी, चित्रांगदा सिंह, सोनम बाजवा, सौंदर्या शर्मा, चंकी पांडे, निकितिन धीर और जॉनी लीवर भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। हाउसफुल 5 अगले महीने यानी 6 जून 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## विराट-अवनीत मामले पर बोलीं रकुल प्रीत सिंह



कुछ हफ्ते पहले भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने अभिनेत्री अवनीत कौर की इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट लाइक कर दी थी। इसके बाद इस मामले की खूब चर्चा हुई थी। हालांकि, इस मामले पर विराट ने सफाई दी थी कि ये इंस्टाग्राम में किसी ग्लिच के कारण ऐसा हुआ था। इस विवाद के चलते अवनीत कौर के इंस्टाग्राम पर लगभग 2 मिलयन फॉलोअर्स बढ़ गए थे, जिसे कई मीडिया रिपोर्ट्स ने दावा किया था। अब इस मामले पर बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने प्रतिक्रिया दी है। एक्ट्रेस ने अपने आपको विराट और अनुष्का का फैन बताते हुए कहा कि वह बहुत दुखद घटना थी।
उन्होंने कहा कि आज लोग इतने खाली हैं कि वो कुछ भी कर सकते हैं। लोगों ने ये तक पता लगा लिया कि अवनीत कौर के इंस्टाग्राम पर दो मिलयन फॉलोअर्स बढ़ें हैं। आगे उन्होंने कहा कि कोई किसी की फोटो लाइक करें या ना करें, इसका हम पर प्रभाव ही नहीं होना चाहिए। इसके अलावा अभिनेत्री ने कहा कि कभी-कभी इंस्टाग्राम पर गलती से आपके दोस्त भी अनफॉलो हो जाते हैं। मतलब कोई सेलेब्रिटी है, तो आप उनकी खबर बना देंगे, ये उनके साथ नुकसान है।
अंत में रकुल प्रीत सिंह ने कहा कि विराट जैसा व्यक्तित्व होने पर आप नजर में आ जाते हैं कि आप किसे फॉलो कर रहें या किसे नहीं। साथ ही उन्होंने कहा कि आज के दौर में लोग ज्यादातर समय सोशल मीडिया पर ही बिता रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in